आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 313, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा 16
फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15




## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली कंपनी है।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कांगपोकपी जिले के हराओथेल और लाम्बुंग पहाड़ियों में गुरुवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर (पम्पी), 11 बम (प्रत्येक का वजन लगभग 1.5 किलोग्राम) और अन्य हथियार बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले के सुआंगदाई में एक देसी 9 एमएम पिस्तौल और एक सिंगल बैरल शॉटगन समेत कई हथियार बरामद किए।

## आपके सारे इंतजाम हवा में... जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा

**पराली मामला**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने के चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रहने पर शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई तथा कहा कि और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित आयोग द्वारा उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए कहा कि आपके सारे इंतजाम हवा में ही हैं, धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि क्या किया गया है।

सीएक्यूएम को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और इसके आसपास के क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अधिनियम का बिल्कुल ही अनुपालन नहीं किया गया है। हमें एक भी निर्देश दिखाएं जो किसी हितधारक को जारी किया गया हो।

## भारी बारिश से धान, मक्का व गन्ने की खड़ी फसलें गिरीं

### प्रदेश के पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई जिलों को भिगोकर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा।

अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है। राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई। राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।



#### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफनाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> **- डॉ. अवधेश मिश्रा**, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

## हथौड़ों से तोड़ी विवादित मस्जिद की दीवार

### नवाबगंज के गांव केला डांडी में भारी तनाव, आमने सामने आए दोनों समुदाय, विधायक से धक्का-मुक्की

### प्रशासन ने दीवार का दोबारा निर्माण कराया तो और भड़के लोग, पांच थानों की फोर्स के साथ पीएसी तैनात

- अफसरों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, देर रात तक माहौल गर्म

संवाददाता, क्योलड़िया (बरेली)

**अमृत विचार :** गांव केलाडांडी में शुक्रवार दोपहर भीड़ ने एक विवादित मस्जिद की दीवार हथौड़ों से तोड़ दी। इससे गांव में भारी सांप्रदायिक तनाव फैल गया। दोनों तरफ से नारेबाजी के बीच पुलिस ने दोबारा दीवार बनवानी शुरू की तो भीड़ और उबल गई। गांव पहुंचे विधायक डॉ. एमपी आर्य को भी लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। उनके साथ धक्कामुक्की तक हो गई। इसके बाद 17 लोगों को हिरासत में लेकर गांव में पीएसी के साथ पांच थानों का पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। देर रात तक गांव का माहौल बुरी तरह गरमाया हुआ था।

केला डांडी में कथित मस्जिद पर जुलाई से ही विवाद चल रहा था। मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद बता रहा है, जबकि हिंदू पक्ष ने इसे नया निर्माण बताकर प्रशासन से शिकायत की थी। इसके बाद अफसरों ने यहां नमाज पढ़ने पर रोक लगा रखी थी। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे एक समुदाय की भीड़ ने अचानक धावा बोलकर मस्जिद की एक दीवार हथौड़ों से तोड़ दी। दूसरे समुदाय के लोगों के इकट्ठे होने पर टकराव के हालात पैदा हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अफसरों के निर्देश पर तोड़ी गई दीवार का दोबारा निर्माण शुरू कराया तो तनाव और बढ़ गया। भीड़ ने मस्जिद का अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

शाम करीब 5 बजे गांव पहुंचे विधायक डॉ. एमपी आर्य से लोगों ने निर्माण रुकवाने की मांग की, इसके बाद भी निर्माण नहीं रुका तो उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। विधायक ने गांव से निकलने की कोशिश की तो लोगों ने उनकी गाड़ी के आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा दी। लोगों ने उनके साथ धक्कामुक्की भी की। पुलिस ने भीड़ को हटाकर उनकी गाड़ी निकलवाई लेकिन भीड़ का गुस्सा देखकर विधायक को इरादा बदलकर उनके साथ धरने पर बैठना पड़ा। लगातार तनाव बढ़ता देख पुलिस ने 17 लोगों को हिरासत में ले लिया। पांच को विधायक के कहने पर छोड़ दिया और बाकी का शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया। देर शाम साढ़े 8 बजे विधायक निकल गए।



मस्जिद की तोड़ी गई दीवार को दोबारा बनाते मजदूर और घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

#### भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य का प्रशासन पर मस्जिद का अवैध निर्माण कराने का आरोप

भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य ने धरने के दौरान मस्जिद की दीवार के दोबारा निर्माण को रोकने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर भी लिखा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन की मदद से केला डांडा गांव में अवैध मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में गुस्सा है। लोग पुलिस प्रशासन के रवैये से नाराज होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरे साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर गंगवार भी हैं।

> धर्मस्थल का निर्माण कराने का आरोप लगाकर दीवार गिराने से विवाद की स्थिति बनी। गांव में पांच थानों के पुलिस फोर्स के साथ पीएसी तैनात की गई है। खुराफात करने वाले 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर शांति है।
> **-अनुराग आर्य,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

## छेड़खानी की शिकायत पर पुलिस ने धमकाया, युवती ने नौकरी छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**महिला सुरक्षा का हाल**

- एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, दरोगा के खिलाफ नहीं हुई कोई कार्रवाई
- पीछा छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगे जाने का भी लगाया आरोप
- ऑफिस आते-जाते रास्ता रोकते थे शोहदे, चौकी इंचार्ज ने भाई समेत जेल भेजने की दी धमकी

**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा के दावों के उलट शोहदों से परेशान युवती को ही पुलिस की ओर से धमकाने की एक और घटना सामने आई है। रास्ते में लगातार छेड़खानी और रास्ता रोके जाने की शिकायत करने पहुंची युवती को दरोगा ने भी धमकाया तो उसे नौकरी छोड़कर घर बैठना पड़ा। अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवती की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई है लेकिन उसे और उसके भाई को फर्जी केस में जेल भेजने की धमकी देने वाले दरोगा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राइवेट नौकरी करने वाली बारादरी इलाके की युवती के मुताबिक रामपुर बाग में उसके कार्यालय आते-जाते हुए वैभव वर्मा नाम का युवक चार-पांच साथियों के साथ कई महीनों से उसका पीछा कर रहा था। कई बार उसने उसका रास्ता रोककर उससे बात करने की कोशिश की। काफी समय अनदेखी करने के बाद भी वह बाज नहीं आया तो उसने सख्त विरोध जताया। इस पर वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। 12 सितंबर को कार्यालय जाते समय वैभव वर्मा ने फिर चार-पांच साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और आगे न जाने देने पर अड़ गया। युवती के मुताबिक पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर वह उसे जान से मारने और पूरे परिवार को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीछा छोड़ने के लिए उससे 50 हजार रुपये भी मांगे। पीड़िता के मुताबिक उसने उसी दिन कांकरटोला चौकी जाकर पुलिस से शिकायत की तो चौकी इंचार्ज वाकर अहमद उसे और उसके भाई को ही फंसाने की धमकी देने लगे। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। बुधवार को उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उनके आदेश पर थाना बारादरी में आरोपी वैभव और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर, चौकी इंचार्ज वकार अहमद ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।

## युवक की मौत पर बवाल, पुलिसवालों को पीटा

- मुरादाबाद में अवैध खनन के शक में निजी वाहन से ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पुलिस कर्मियों ने पानी से भरे धान के खेत से भागकर जान बचाई। एक सिपाही अनीस की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने ठाकुरद्वारा में हुए बवाल के बाद सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने निजी गाड़ी से उसका पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीण वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया है कि प्रत्येक बिंदु की गंभीरता से जांच की जा रही है।



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।

## प्रसाद विवाद : जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं।

## तेलंगाना के राजस्व मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने सात करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं।

#### जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली/जम्मू।** एनआईए ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हो गए थे।

## गैर-बासमती चावल के निर्यात से रोक हटी

**कोलकाता।** केंद्र ने शुक्रवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने जुलाई 2023 में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबंध लगाया था। निर्यातकों ने पाबंदी हटाने के फैसले की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए अहम करार दिया। 'राइस विला' के सीईओ सूरज अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का भारत का साहसिक फैसला कृषि क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने 'पारब्वॉइल्ड' चावल पर निर्यात शुल्क भी 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

## महिला और तीन बच्चों के हत्यारों को फांसी की सजा

संवाददाता, बहराइच

**वर्ष 2021 का है मामला**



- कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70-70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। मामले में थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया था। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई। वहीं, एक आरोपी दानिश नाबालिग है। उसका केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है।

**जमीन घोटाला मामला**

## सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट का यह आदेश उच्च न्यायालय द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

## हर दस में से तीन लोगों में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर

**सजगता ही सेहत**

### स्वास्थ्य सचिव ने पेश किए आंकड़े, इस गंभीर समस्या को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सचेत किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को देश में बढ़ती इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में समस्या है।

युवाओं में इसका खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कि भारत में 10 में से एक से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पाया जा रहा है और मोटापे तथा मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी यह बीमारी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है।

अपूर्व चंद्रा ने यहां गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग से जुड़े संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे एक प्रमुख गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) के रूप में पहचानने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनएएफएलडी मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों जैसे चयापचय संबंधी विकारों से निकटता से जुड़ा है। 10 में से एक से तीन लोगों में एनएएफएलडी हो सकता है, जो बीमारी के प्रभाव को उजागर करता है।' चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे महत्व को दर्शाता है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ये दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक सभी स्तरों पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे। उन्होंने एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए देखभाल की निरंतरता के महत्व पर भी जोर दिया और एनएएफएलडी के प्रसार को कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेष कार्याधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों को जमीनी स्तर के कर्मियों तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि बीमारी का जल्द पता चल सके और एनएएफएलडी का बोझ कम हो सके।



#### भारत में बिना मोटापे वाले लोग भी चपेट में

गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग उन लोगों को प्रभावित करता है, जो शराब कम पीते हैं या बिल्कुल नहीं पीते हैं। इसमें लिवर में बहुत अधिक वसा जमा होने लगती है, जिससे इस अंग का सामान्य कार्य प्रभावित होने लग जाता है। विशेषज्ञों को ठीक से पता नहीं है कि लिवर में वसा बनने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं। हालांकि जीवनशैली के कारक इसका खतरा बढ़ाने वाले माने जाते हैं। पश्चिमी देशों में एनएएफएलडी के ज्यादातर मामले मोटापे के शिकार लोगों में देखे जाते रहे हैं।

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- मॉडल टाउन स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में मानव सेवा क्लब की ओर से भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह सुबह 8 बजे।
- रामपुर गार्डन स्थित राय डेंटल क्लिनिक पर इंडियन सोसाइटी ऑफ डिजिटल एंड इंप्लांट डेंटस्ट्री की गोष्ठी दोपहर 2 बजे।
- हवेली फनसिटी में शौर्य सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से कार्यशाला का आयोजन सुबह 9:30 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे।
- माहौर वैश्य धर्मशाला नवदुर्गा मंदिर रोहली टोला में श्रीमद् भागवत ज्ञान वर्षा पर कथा शाम 6 बजे।
- श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल में रासलीला सुबह 9 बजे से और रामलीला शाम 6 बजे से।
- श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला कमेटी समिति की ओर से चौधरी तालाब पर रामलीला शाम 7 बजे।
- जोगी नवादा में रामलीला रात 8 बजे।

# विरोध-विवाद की लीला खत्म, अब होगी रामलीला

### रामलीला समिति की मेयर से बातचीत के बाद बगल में नगर निगम के दूसरे भूखंड पर दशहरा मेला लगाने पर सहमति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मेयर ने कहा- भूखंड छोटा पड़ा तो बगल में अतिरिक्त जमीन उपलब्ध कराएंगे
- अभी ऊबड़खाबड़ है प्रस्तावित जमीन, मुख्य अभियंता को समतल कराने का निर्देश

**अमृत विचार :** जोगी नवादा में वनखंडीनाथ रामलीला के साथ दशहरा मेले के आयोजन का विवाद शुक्रवार को खत्म हो गया। मेयर और श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों के बीच बातचीत में तय हुआ कि दशहरा मेले के लिए बगल में ही नगर निगम की दूसरा भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा। अगर यह भूखंड छोटा पड़ा तो नगर निगम पास ही में और जमीन उपलब्ध कराएगा। मेयर ने मुख्य अभियंता तो जल्द ही इस ऊबड़खाबड़ जमीन को समतल कराकर दशहरा मेले के लिए तैयार करने का भी निर्देश दिया।

जोगी नवादा में 52 साल से दशहरा मेला नगर निगम की जिस जमीन पर लगता आ रहा था, उस पर इस बार चारदीवारी बनवाकर अंदर पौधे लगवा दिए गए थे। इससे दशहरा मेले की परंपरा टूटने की आशंका पैदा हुई तो श्रीरामलीला समिति के पदाधिकारियों ने विरोध शुरू कर दिया। दो दिन पहले उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ सड़क पर धरना दिया था, फिर भी नगर निगम अनुमति देने को तैयार नहीं हुआ तो बृहस्पतिवार को सड़क पर ही मेला लगाने का एलान कर दिया। तनातनी के इसी माहौल में शुक्रवार दोपहर हिंदू जागरण मंच के दुर्गेश गुप्ता अपने पदाधिकारियों और रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर के साथ मेयर उमेश गौतम से मिलने नगर निगम पहुंचे।

> रामलीला पुरानी जगह पर ही हो रही है और कोई विवाद नहीं है। मेले की दुकानें नगर निगम की दूसरी जमीन पर लगेंगी। सभी इस पर राजी हो गए। इस जमीन को समतल कराना शुरू करा दिया है। जनभावनाओं का सम्मान किया जाएगा। अगर जमीन कम पड़ी तो और व्यवस्था करेंगे। जल्द निरीक्षण करने भी जाएंगे।
>
> **– उमेश गौतम**, मेयर

रामलीला समिति के लोगों ने कहा कि शहर में कई जगह इसी तरह के विवादों की वजह से रामलीला दशहरा मेलों का आयोजन एक-एक कर बंद हो चुका है। वनखंडीनाथ मंदिर का दशहरा मेला भी करीब 52 साल से नगर निगम की जमीन पर लगता आ रहा है। यहीं रावण दहन भी होता था। इस बार नगर निगम के रातोंरात यहां भी पौधरोपण करा देने से दशहरा मेला बंद होने की नौबत है। मेयर ने कहा कि इस जमीन पर कूड़ा था जिसे नगर निगम ने हटवाने के बाद पौधरोपण कराकर वाटिका बनवाई है। उस समय इलाके के लोगों ने कोई विरोध नहीं किया बल्कि खुशी जताई कि उनके वार्ड में पार्क बन रहा है।

मेयर ने कहा कि कुछ दिन पहले उनके साथ बैठक में रामलीला समिति वाटिका के सामने वाली नगर निगम की जमीन पर रामलीला मेला लगाने को तैयार हो गए थे। समस्या का समाधान हो चुका था तो सड़क जाम करने की कोई जरूरत नहीं थी। मेयर ने कहा कि वह किसी हाल में परंपरा टूटने नहीं देंगे। दशहरा मेले के लिए सामने ही नगर निगम की जमीन दे रहे हैं। मेयर रामलीला समिति से तैयारी शुरू करने को कहते हुए भरोसा दिलाया कि पूरी जमीन को कई जेसीबी लगाकर बेहतर कर दिया जाएगा। जमीन कम पड़ी तो वहीं पुरानी जमीन का कुछ और हिस्सा दे दिया जाएगा।



वनखंडीनाथ रामलीला प्रकरण में मेयर उमेश गौतम से वार्ता करने पहुंचे मेला कमेटी के पदाधिकारी। • अमृत विचार

### मेले के लिए स्थाई रूप से जमीन आरक्षित कराने का वादा

रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने दूसरी जमीन का क्षेत्रफल कम बताते हुए आशंका जताई कि भविष्य में नगर निगम वहां भी कोई प्रोजेक्ट लगा सकता है। कहा, मेले दो लाख लोगों का आना होता है। रावण दहन के लिए भी चारों ओर करीब सौ फुट का दायरा होना जरूरी है। यह जमीन इतनी छोटी है कि पुतला दहन नहीं हो पाएगा। हर साल की तरह दंगल भी नहीं हो पाएगा। मेयर ने कहा कि मेले की दुकानों और लोगों के लिए जमीन कम नहीं पड़ेगी। वह खुद मौके पर देखेंगे। अगर जमीन कम पड़ी तो अतिरिक्त जमीन व्यवस्था कराई जाएगी। समिति के लोग इसका प्लान और मानचित्र बना लें। बोले, यह जमीन वह लिखित तौर देने का वादा कर रहे हैं, ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो।

### इसलिए इतनी उठापटक क्योंकि जमीन हड़पना चाहता है चर्चित व्यक्ति

रामलीला समिति और मेयर के बीच बातचीत में यह मुद्दा भी उठा कि दशहरा मेले के संबंध में हुई पहली बैठक में भी यही तय हुआ था कि नगर निगम दूसरी जमीन देगा, लेकिन उसके बाद भी धरना देकर विरोध जताया गया। चर्चा में कई बार यह बात आई कि जोगी नवादा में जमीनों का विवाद है। कुछ लोगों ने अवैध कब्जे कर मकान बनवा लिए हैं। नगर निगम का अपनी जमीन पर चारदीवारी बनवाना एक चर्चित व्यक्ति को खटक रहा है। कहा गया कि इस व्यक्ति की नजर जमीन के कुछ हिस्से पर है। उसकी मंशा है कि जमीन खाली रहे ताकि वह अपनी योजना में सफल हो सके।

# बुलेट का साइलेंसर बदलवाने पर साढ़े 22 हजार का चालान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना परमिट के स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने पर दो स्कूली बसें भी सीज

**अमृत विचारः** आरटीओ की प्रवर्तन टीम ने चेकिंग के दौरान दो बुलेट के 45 हजार रुपये के चालान किए। इन बुलेट के साइलेंसर निकालकर सड़क पर तेज आवाज में दौड़ाया जा रहा था। इसके अलावा टीम ने बिना परमिट के चल रही दो स्कूली बसों को भी सीज कर दिया गया। ओवरलोड और डग्गामार वाहनों के भी चालान किए गए।

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को पीटीओ रमेश प्रजापति ने शहर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान दो बुलेट साइलेंसर बदलकर तेज आवाज में सड़क पर दौड़ रही थी। इन दोनों बुलेट का 22500-22500 का चालान काटा गया। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि डग्गामार के साथ ओवरलोड और स्कूली वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# त्योहार स्पेशल ट्रेनों की अवधि और फेरे बढ़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए त्योहार स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि और फेरे बढ़ा दिए हैं।

मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 05193-छपरा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि 28 सितंबर को बढ़ाकर 5 अक्टूबर से 23 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को अतिरिक्त आठ फेरों तक किया जाएगा।

यह ट्रेन शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर और रुड़की स्टेशन रुकेगी। वहीं 05194 शहीद कैप्टन तुषार महाजन-छपरा स्पेशल की संचालन अवधि 30 सितंबर तक बढ़ाकर प्रत्येक सोमवार को 7 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आठ फेरों में किया जाएगा।

04044-आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर स्पेशल का विस्तार चार से 10 फेरों तक और 04043-गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल का रविवार को विस्तार करते हुए अब संचालन रविवार और बुधवार को किया जाएगा।

यह ट्रेन बरेली कैंट, चंदौसी, मुरादाबाद स्टेशन पर रुकेगी। रेलवे इससे पहले भी कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का एलान कर चुका है और कई ट्रेनों के फेरे भी बढ़ाए हैं।

# विधायकों का जोर सड़कें बनवाने के साथ हाईमास्ट लाइटें लगवाने पर

अनुपम सिंह, बरेली

- पांच विधायक और एक एमएलसी की निधि से 60 प्रस्ताव मंजूर
- आठ करोड़ है लागत, कार्यदायी संस्था को 4.82 करोड़ जारी

**अमृत विचार :** विधायक निधि से जिले में अगले अक्टूबर से विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। पांच विधायक और एक एमएलसी की ओर से भेजे गए करीब आठ करोड़ लागत के 60 प्रस्तावों को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डीआरडीए) की मंजूरी के बाद कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि जारी कर दी गई है। इनमें ज्यादातर प्रस्ताव सड़कों और स्ट्रीट लाइटों के हैं। यात्रियों के लिए शेड भी बनाए जाएंगे।

जिले में सात भाजपा और दो सपा के विधायक हैं, दो एमएलसी का भी क्षेत्र जिले में है। हर वित्तीय वर्ष में इन्हें पांच-पांच करोड़ की निधि जारी की जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पूरी निधि विधायकों ने लोकसभा चुनाव से पहले विकास कार्यों पर खर्च कर दी थी। चालू वित्तीय वर्ष में शासन ने विधायकों और एमएलसी की निधि की पहली किस्त के तौर पर 50 फीसदी धनराशि यानी ढाई-ढाई करोड़ रुपये डेढ़ महीने पहले कोषागार में भेज दिए थे। इसके बाद विधायकों और एमएलसी की ओर से विकास कार्यों के लिए अपने प्रस्ताव डीआरडीए को भेज गए थे। डीआरडीए ने इन्हें स्वीकृति दे दी है।

फरीदपुर विधायक प्रो. श्यामबिहारी के 24.470 लाख लागत के चार प्रस्ताव हैं। इनके लिए 16.484 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को जारी कर दिए गए हैं। शहर विधायक एवं वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के 116.814 लाख लागत के 23 कार्य मंजूर हुए हैं, जिसके लिए 70.081 लाख रुपये जारी किए गए हैं। नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने 164.128 लाख लागत का सिर्फ एक प्रस्ताव दिया है। इसके लिए 98.477 लाख रुपये जारी किए गए हैं। भोजीपुरा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम ने 247.859 लाख लागत के 15 प्रस्ताव सौंपे हैं, इनके लिए 148.714 लाख की धनराशि निर्माणदायी संस्था को जारी कर दिए गए हैं।

इसके अलावा मीरगंज विधायक डीसी वर्मा ने 238.647 लाख लागत के 16 प्रस्ताव दिए हैं, इनके लिए 143.188 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को जारी किए गए चुके हैं। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने भी 9.510 लाख रुपये का सिर्फ एक प्रस्ताव दिया है, जिसके लिए 5.706 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

### धर्मपाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, अताउर और बहोरन का कोई प्रस्ताव नहीं

शासन से विधायक निधि की ढाई-ढाई करोड़ की पहली किस्त जारी हुए काफी समय हो चुका है लेकिन आंवला के विधायक और प्रदेश सरकार में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बहेड़ी विधायक अताउर रहमान ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए अब तक एक भी प्रस्ताव नहीं दिया है। एमएलसी बहोरनलाल का भी कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

### टेंडर प्रक्रिया जल्द, अक्टूबर से शुरू हो जाएंगे काम

प्रो. श्याम बिहारी ने फर्नीचर और दो सड़क, डॉ. अरुण कुमार ने 19 सीसी रोड, पार्क की बाउंड्रीवाल, शौचालय, डॉ. एमपी आर्य ने हाईमास्ट लाइट, शहजिल इस्लाम ने हाईमास्ट लाइटों और सड़कों, डीसी वर्मा ने स्कूल में भवन निर्माण और 14 यात्री शेड के प्रस्ताव दिए हैं। डीआरडीए के अनुसार विधायकों के प्रस्तावों पर जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। अक्टूबर से ही सभी विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

# सफाई महाअभियान की हुई शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने गांधी जयंती तक 155 घंटे तक लगातार चलने वाले सफाई महाअभियान की शुरुआत शुक्रवार को की। 24 घंटे निरंतर सफाई अभियान चलता रहा है। 93 सौ मिनट दिन-रात श्रमदान किया जाएगा। अभियान के तहत सफाईकर्मियों और स्वच्छ भारत मिशन के सदस्यों ने झाड़ू लगा कूड़ा उठाने का काम किया। इस अभियान की रैंकिंग प्रदेश स्तर से तय होनी है। इस वजह से नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 6-6 घंटे की शिफ्ट कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत विशेष अभियान की शुरुआत की गई है।

# मोबाइल कंपनी ने फिर उड़ाई किला की बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खोदाई के दौरान अंडरग्राउंड केबल कटने से सात घंटे ठप रही बिजली की सप्लाई
- सुभाषनगर, कुतुबखाना, सिविल लाइंस में ट्रिपिंग ने रुलाया

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में गुरुवार देर रात मोबाइल कंपनी की केबल डालने के लिए खोदाई के दौरान जेसीबी से बिजली की भूमिगत केबल कट गई। इसकी वजह से करीब सात घंटे तक बिजली गुल रही। सुभाषनगर, कुतुबखाना और सिविल लाइंस इलाके में फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

किला उपकेंद्र के आठ नंबर फीडर क्षेत्र में निजी मोबाइल कंपनी के कर्मचारी केबल डालने के लिए जेसीबी से खोदाई कर रहे थे। इस दौरान जेसीबी से बिजली की केबल कट गई, जिससे हार्टमन, कुदेशिया फाटक, समाधि गौंटिया, नर्सरी रोड समेत कई जगह पर देर रात 3 बजे बिजली गुल हो गई। बिजली अधिकारी मौके पर पहुंचे और सुबह फाल्ट को ठीक कराकर आपूर्ति बहाल की।

एसडीओ किला रामखिलावन ने बताया कि मोबाइल कंपनी के ठेकेदार की तलाश की जा रही है। उससे नुकसान की भरपाई की जाएगी। वहीं किला के बाकरगंज, खन्नू मोहल्ला, हुसैन बाग, जसोली, गढ़ी चौकी, गढ़ैया आदि इलाकों में भी लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या रही। सिविल लाइंस, सुभाषनगर और मढ़ीनाथ से जुड़े इलाकों में भी शुक्रवार को कई बार बिजली कटौती की गई। कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े बिहारीपुर, पुराना बस अड्डा, आजमनगर आदि क्षेत्र में भी 2 से 3 घंटे आपूर्ति बंद रही। इसके मिशन उपकेंद्र के किला और सिटी स्टेशन फीडर पर शुक्रवार सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक पोल लगाने की वजह से शटडाउन लिया गया। जगतपुर और महानगर के साथ संजयनगर, दुर्गानगर, डेलापीर और सौ फुटा रोड पर भी ट्रिपिंग और लोकल फाल्ट की समस्या रही।

### सुभाषनगर के इन इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों में शनिवार को को आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ सुभाषनगर अभिषेक कपासिया ने बताया कि नए फीडर के निर्माण के लिए शनिवार को उपकेंद्र के बीडीए 1, बीडीए 2 से संबंधित फीडर की बीडीए कॉलोनी, प्रगतिनगर, इन्द्रापुरम, रामचंद्रपुरम, सर्वोदय नगर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

# सड़क निर्माण में धांधली, नगर आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सड़क की जांच करते नगर आयुक्त।

- ठेकेदारों के साथ इंजीनियरों को भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी
- मुंशीनगर में डेयरियों के गोबर से चोक मिलीं नालियां तो हुए नाराज

**अमृत विचार :** अपनी तैनाती के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शुक्रवार को पहली बार शहर का हाल देखने निकले। निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई जगह गुणवत्ता के मानकों का पालन होते नहीं पाया तो ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के साथ इंजीनियरों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी। बड़ी विहार में बन रही सड़क खोदवाकर मुख्य अभियंता को उसके मैटेरियल की जांच कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त दोपहर बाद इंजीनियरों के साथ निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करने निकले। इस दौरान कुछ जगह पाया कि निर्माण सामग्री का उपयोग मानक के हिसाब से नहीं किया रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए इंजीनियरों को चेतावनी दी। सुरेश शर्मा नगर में जोनल कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद वह मुंशी नगर पहुंचे, जहां जगह-जगह सड़क पर कूड़ा और नालियां सिल्ट से भरी हुई थीं। नालियों में डेयरियों से गोबर भी बहाया जा रहा था। इस पर नगर आयुक्त ने डेयरी मालिकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बड़ी विहार में नाली मरम्मत और सीसी सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान शक हुआ कि मैटेरियल मानक के हिसाब से नहीं है तो अपने सामने ही सड़क खोदवाकर इसकी जांच कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माणाधीन कार्य में कमियां मिलीं तो ठेकेदार के साथ संबंधित एई और जेई के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी।

# सड़क की मरम्मत नहीं होने से हो रही परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया से मोहनपुर रोड बारिश में जगह-जगह से उखड़ गई है। कई जगह गड्ढे भी हो गए हैं, इसकी वजह से वाहनों के निकलने में परेशानी हो रही है। यह सड़क बारिश से कुछ दिन पहले ही बनी थी।

# बूंदाबांदी और तेज हवा से चार डिग्री लुढ़का पारा

**बरेली, अमृत विचारः** बूंदाबांदी और तेज हवा की वजह से जिले का पारा तीन डिग्री लुढ़क गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री कम 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री अधिक 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी तीन दिन अभी और बारिश के आसार हैं। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज होगी।

# बरेली कॉलेज में नगर निगम की टीम ने की पैमाइश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने पैमाइश की। इसी पैमाइश के आधार पर टैक्स का निर्धारण किया जाएगा।

टैक्स जमा न होने की वजह से नगर निगम ने बरेली कॉलेज के खातों को फ्रीज किया है। प्रबंध समिति और प्राचार्य ने नगर आयुक्त से दोबारा पैमाइश कराने का अनुरोध किया था। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को कॉलेज परिसर में मल्टीपर्पज हॉल, स्विमिंग पल, सभागार, कंट्रोल रूम समेत अन्य भवनों की पैमाइश की। नगर निगम की टीम में कर अधीक्षक मुन्नाराम, राजस्व निरीक्षक विवेक कुमार, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर गंगाधर मिश्रा शामिल रहे। टीम जल्द पैमाइश की रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेगी और इसी आधार पर टैक्स निर्धारित किया जाएगा। टीम के साथ प्रो. नीरजा, कार्यालय अधीक्षक पंकज अग्रवाल ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि कर को लेकर कॉलेज प्रबंध समिति के साथ नगर आयुक्त से चर्चा की जाएगी। उम्मीद लगाई जा रही है किश्तों में कर का भुगतान किया जाएगा।



बरेली कॉलेज में पैमाइश करती नगर निगम की टीम। • अमृत विचार

- टैक्स बकाया होने की वजह से कॉलेज के खाते हैं फ्रीज

# कुत्ते-बंदरों के साथ सियार का आतंक, वैक्सीन लगवाने वालों की तादाद बढ़ी

अंकित चौहान, बरेली

- एआरवी केंद्र पर पांच महीने में 63 हजार से अधिक मरीज वैक्सीन लगवाने पहुंचे

**अमृत विचार :** जिले में कुत्तों, बंदरों के साथ सियार का भी आतंक है। एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं। पांच महीने में तीन सौ बेड अस्पताल स्थित एआरवी सेंटर पर 63 हजार से अधिक मरीज वैक्सीन लगवाने पहुंचे हैं।

एआरवी में वैक्सीन लगवाने वाले मरीजों की निगरानी आईडीएसपी की ओर से की जा रही है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 में एआरवी केंद्र पर 16192, मई में 15000, जून में 14713, जुलाई में 17403 और अगस्त में 18057 मरीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे। इनमें सबसे अधिक कुत्ता और बिल्ली के हमले में घायल हुए मरीज शामिल हैं। वहीं मंडल में भी जानवरों के हमलों के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है।

### दूसरे जानवरों के काटने के मामले भी लगातार बढ़ रहे

शासन स्तर से एआरवी पोर्टल में कुत्ता, बिल्ली, बंदर के काटने के मामले की निगरानी अलग-अलग की जाती है, लेकिन सियार, भेड़िया व अन्य जानवरों के काटने के लिए पोर्टल में अन्य का कॉलम दिया गया है। इस वर्ष अन्य जानवरों के काटने के मामलों की संख्या इजाफा हुआ है। अप्रैल में 185, मई में 129, जून में 138, जुलाई में 307 और अगस्त में ये संख्या 588 पहुंच गई है।

> एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। हालांकि वैक्सीन की उपलब्धता है। दो महीने में सियार के हमलों में घायल हुए लोग भी वैक्सीन लगवाने के लिए एआरवी केंद्र पर आए हैं।
>
> **-डॉ. वैभव शुक्ला**, प्रभारी एआरवी केंद्र

# फरीदपुर-बुखारा मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के लिए 762 लाख स्वीकृत

**बरेली, अमृत विचारः** फरीदपुर-बुखारा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने के लिए शासन ने शुक्रवार को 762 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। लोक निर्माण विभाग इस ओवरब्रिज का निर्माण करा रहा है, जिसकी स्वीकृत लागत 5137 लाख रुपये है। मुख्य अभियंता सेतु पीडब्ल्यूडी ने ओवरब्रिज के लिए धनराशि जारी करने के लिए शासन को पत्र लिखा था।

इससे पहले ओवरब्रिज निर्माण के लिए 856 लाख रुपये की धनराशि जारी हो चुकी है। यह ओवरब्रिज दो लेन का बनाया जा रहा है। इसके बनने से क्रॉसिंग पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति मिलेगी। लोग काफी समय से जाम की समस्या से परेशान हैं और यहां पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग कर रहे थे। पहले इसके निर्माण में कई बाधाएं आईं लेकिन अब धनराशि जारी होने से ओवरब्रिज जल्द बनने की उम्मीद है।

# स्मार्ट सिटी के डिवाइडर भी बनेंगे स्मार्ट, करेंगे कमाई

### शहर की ही एजेंसी करेगी सांस्कृतिक चित्रण करने के साथ फुलवारी बनाने का काम, मेयर ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहले चरण में मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक किया जाएगा सौंदर्यीकरण
- पुलों की रेलिंग साइड का भी होगा विज्ञापन लगाकर कमाई के लिए इस्तेमाल

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में अब डिवाइडर भी स्मार्ट बनेंगे और नगर निगम के लिए कमाई का एक और रास्ता खोलेंगे। डिवाइडरों को स्मार्ट बनाने के लिए उन पर सुरक्षा संकेतों के साथ सांस्कृतिक चित्रण कर विज्ञापनों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसी तरह शहर भर के पुलों की रेलिंग साइड का इस्तेमाल किया जाएगा। नगर निगम में शुक्रवार को एजेंसी ने मेयर उमेश गौतम के सामने इस प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन किया।

शहर में डिवाइडरों का सौन्दर्यीकरण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप तहत करने की योजना है। इसके लिए शहर की ही एजेंसी खंडेलवाल फाइबर्स के प्रस्ताव को मेयर ने मंजूरी दे दी है। यह एजेंसी सबसे पहले मिनी बाईपास तिराहे से सीबीगंज होते हुए झुमका चौराहे तक डिवाइडरों का सौंदर्यीकरण करेगी। योजना के तहत डिवाइडर और पुलों की रेलिंग साइड पर फाइबर पॉलिमर स्टोन प्लांटर्स (गमलों) में फुलवारी लगाई जाएगी। सोलर सिस्टम के जरिए चलने वाले ड्रिप इरिगेशन (सिंचाई) से इसे पानी मिलेगा। देखभाल की जिम्मेदारी खुद एजेंसी उठाएगी।

एजेंसी के मुताबिक फ्लाईओवर पर फुलवारी एस्थेटिक लुक, रेवेन्यू जेनरेशन, व्यू कटर, साउंड बैरियर और नाइट रिफ्लेक्टर के लिए कम लागत में प्रभावशाली काम करेगी। इसके बाद डिवाइडरों और पुलों की दीवार को नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए विज्ञापन लगाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।



मेयर के समक्ष प्रेजेंटेशन देते एजेंसी के प्रतिनिधि।

> एजेंसी ने नए प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन किया है। इसकी शुरुआत सबसे पहले मिनी बाईपास के डिवाइडरों से होगी, फिर रामपुर बाग, सर्किट हाउस और दूसरे मार्गों पर काम किया जाएगा। अभी प्रदेश के किसी भी शहर में इस तरह का प्रोजेक्ट नहीं है।
>
> **-उमेश गौतम**, मेयर

### दावाः अब तक विदेशों में होता है ऐसा सौंदर्यीकरण

**बरेली, अमृत विचा :** खंडेलवाल फाइबर्स के विपिन खंडेलवाल और अंशुल खंडेलवाल के अनुसार डिवाइडरों का इस तरह का सौंदर्यीकरण अब तक विदेशों में होता था लेकिन अब इसे देश में लाने की कोशिश की जा रही है। इस प्रोजेक्ट पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी वार्ता की है। बरेली में एक नई हरियाली की योजना बनाई गई है। इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर एलएंडटी के साथ रनवे पर एफआरपी लूवर का काम किया गया है। बता दें कि एफआरपी यानी फाइबर ग्लास प्लास्टिक से बने लूवर पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और हवा के प्रवाह में मदद करते हैं।

## एक नजर

### जीजा की पैरवी करने से नाराज महिला ने दिव्यांग वकील को पीटा

बरेली,अमृत विचार : जीजा की पैरवी करने से नाराज साली ने दिव्यांग वकील के साथ अदालत परिसर में ही गालीगलौज और मारपीट की। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर शांतिभंग करने के आरोप में चालान कर दिया। पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी वकील ओमप्रकाश ने पुलिस से शिकायत की कि वह शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे थाना शाही क्षेत्र के गांव दुनका निवासी गुड्डू के केस की पैरवी करने के लिए कोर्ट में जा रहे थे। इसी दौरान गुड्डू की साली आशिया ने उनसे गालीगलौज करनी शुरू कर दी। उन्होंने जब विरोध किया तो उन्हें जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटाई की। आरोप है कि महिला ने कहा कि गुड्डू की पैरवी करने पर वह गुड्डू और उन्हें दोनों को जान से मार देगी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर शांतिभंग करने के आरोप में उसका चालान कर दिया।

### बिना कनेक्शन के ही भेज दिया बिजली बिल

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग का अजीब कारनामा सामने आया है। बिना कनेक्शन के ही एक व्यक्ति को बिजली का बिल भेज दिया। थाना कैंट क्षेत्र के रामेश्वरधाम कॉलोनी निवासी माह सुंदरी देवी ने बताया कि उन्होंने मकान में कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान कागजात भी जमा करा दिए लेकिन कनेक्शन नहीं हो सका लेकिन कुछ दिनों पहले उन्हें 2970 रुपये का बिजली बिल भेज दिया गया, जिसे देखकर वह हैरान हैं। उन्होंने बिजली अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। एसडीओ अमित सक्सेना ने बताया कि मामले को दिखवाया जाएगा। अगर ऐसा है तो कनेक्शन पीडी करा दिया जाएगा।

### धर्म को लेकर टिप्पणी की एक्स पर कई शिकायतें

बरेली, अमृत विचार : धर्म को लेकर पुलिस के एक्स अकाउंट पर कई शिकायतें की गई हैं। पुलिस सभी मामलों में जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# केला डांडी में अचानक भड़का चार महीनों से शांत माहौल

## प्रशासन ने जुलाई में विवादित मस्जिद पर डलवा दिए थे ताले, 24 घंटे निगरानी के लिए दो पुलिसकर्मी भी थे तैनात

संवाददाता, क्योलड़िया

**अमृत विचार :** केला डांडी में जिस इमारत को मस्जिद बताया जा रहा है, उस पर काफी समय से विवाद था। हिंदू पक्ष के मुताबिक जुलाई के पहले वहां अचानक नमाज अदा करनी शुरू कर दी गई। गांव के लोगों की शिकायत पर जुलाई में ही एसडीएम नवाबगंज की रिपोर्ट पर विवादित मस्जिद में ताला डलवाकर वहां 24 घंटे निगरानी के लिए दो पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए थे। इसके बाद से गांव का माहौल शांत था लेकिन शुक्रवार को अचानक दीवार गिराए जाने के बाद भड़क गया।

हिंदू पक्ष ने 16 जुलाई को ने दूसरे समुदाय के लोगों पर मस्जिद का निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए थाने से लेकर उच्चाधिकारियों तक से शिकायत की थी। इसके बाद एसडीएम नवाबगंज ने तहसीलदार आशीष कुमार से जांच कराई और उनकी रिपोर्ट पर विवादित स्थल पर ताले डलवा दिए। दो सिपाहियों को भी 24 घंटे के लिए वहां तैनात कर दिया गया ताकि दोबारा नमाज न पढ़ी जाए। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे कुल्हाड़ी, हथौड़े और लाठी-डंडे लेकर पहुंचे तमाम लोगों ने विवादित स्थल की पश्चिमी दीवार ढहा दी। उसकी सुरक्षा में इस दौरान दो होमगार्ड तैनात थे जिन्होंने भीड़ को रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी दौड़ा दिया।

दूसरे समुदाय के लोग इकट्ठे हुए तो नोकझोंक शुरू हो गई और माहौल गरमाने लगा। दूसरे समुदाय के लोगों की की सूचना पर कुछ ही देर बाद क्योलड़िया पुलिस और फिर एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एडीएम प्रशासन दिनेश कुमार, एसडीएम अजय उपाध्याय, सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी पहुंच गए। नवाबगंज, हाफिजगंज समेत कई थानों की पुलिस भी बुला ली गई। अधिकारियों ने दोनों समुदाय के लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन तनातनी बढ़ती गई। हिंदू पक्ष की सूचना पर विधायक डॉ. एमपी आर्य भी पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने तोड़ी गई दीवार का दोबारा निर्माण शुरू करा दिया था जिस पर भीड़ ने हंगामा करते हुए विधायक को घेर लिया। चार महीने पहले भाजपा नेताओं ने भी गांव में मस्जिद के अवैध निर्माण की शिकायत की थी। भाजपा नेताओं का आरोप है कि रात में चोरी-छिपे मस्जिद का दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया। इसमें पुलिस-प्रशासन की भी दूसरे पक्ष से मिलीभगत थी।


विवादित स्थल पर चले हथौड़े।


मौके पर टूटी पड़ी दीवार।


विवादित स्थल के बाहर इकट्ठी भीड़।


गांव में विधायक डॉ. एमपी आर्य भीड़ के साथ करीब तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। ● अमृत विचार

## विधायक पर उतरा गुस्सा, गाड़ी पंक्चर की, महिलाओं ने बच्चों के साथ घेरा


गांव की महिलाओं को घटनास्थल पर जाने से रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** विवादित मस्जिद की तोड़ी गई दीवार दोबारा बनवाने पर भीड़ भारी गुस्से में थी। शाम करीब 5 बजे विधायक डॉ. एमपी आर्य समर्थकों के साथ गांव पहुंचे और उत्तेजित लोगों को शांत कराने की कोशिश की तो यह गुस्सा उन पर उतर गया।

विधायक ने बातचीत के जरिए मामला सुलझाने को कहा, लेकिन उनकी सुनने के बजाय भीड़ तोड़फोड़ पर उतारू हो गई। इसी दौरान पुलिस ने तोड़फोड़ और हंगामा करने वाले 17 लोगों को हिरासत में ले लिया। इससे गुस्साए महिलाओं ने बच्चों के साथ विधायक और पुलिस-प्रशासन के अफसरों को घेरकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पुलिस ने पांच लोगों को छोड़ दिया जबकि 12 लोगों को थाने ले गई। भीड़ इतनी गुस्से में थी कि विधायक के साथ भदपुरा ब्लॉक प्रमुख के पति एवं प्रतिनिधि रविशंकर गंगवार की भी एक नहीं सुनी।

● **पैदल थाने तक जाना पड़ा नवाबगंज विधायक को**

हंगामा और बवाल ज्यादा बढ़ा तो विधायक ने गांव से निकलने की कोशिश की। पहले तो लोगों ने रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर उनकी गाड़ी रोकी और फिर उसे पंक्चर कर दिया। देर शाम साढ़े 8 बजे भी धरने से उठने के बाद गाड़ी पंक्चर होने की वजह से विधायक को पैदल क्योलड़िया थाने तक जाना पड़ा।

## आरोप : मदरसे को किया जा रहा था मस्जिद में तब्दील

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विवादित स्थल को जुलाई में सील कर दिया था। शुक्रवार दोपहर में कुछ लोगों ने उसकी दीवार गिरा दी जिसे बाद में ठीक करा दिया गया। दोनों समुदायों में मारपीट या पथराव जैसी घटना नहीं हुई। आरोप है कि जिसे मुस्लिम पक्ष के लोग मस्जिद बता रहे हैं, वहां पहले मदरसा था। उसी को मस्जिद का रूप देने की कोशिश की जा रही थी। जुलाई में भवन सील कर दिया था, ताकि कोई विवाद न हो। यह भवन निजी संपत्ति बताया जा रहा है। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया था, उनके विरुद्ध 151 की कार्रवाई के साथ मुचलका पाबंद किया है।


केला डांडी पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

### होमगार्डों को पीटने और पथराव का भी आरोप

जब कुछ लोग दीवार गिरा रहे थे तो वहां तैनात दो होमगार्डों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर लोगों ने होमगार्डों को पहले दौड़ाया, बाद में उनकी पिटाई भी कर दी। कुछ लोग दोनों पक्षों में पथराव होने की भी बात कह रहे हैं।

### मस्जिद पर हमला करने वालों पर हो कार्रवाई: मौलाना अदनान

**बरेली :** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने पुलिस अफसरों से फोन पर बात की। कहा, केला डांडी में दिनदहाड़े मस्जिद पर हमला करने वालों को गिरफ्तार जेल भेजा जाए ताकि माहौल खराब करने वालों को नसीहत मिले। इससे पहले केला डांडी से पीड़ित पक्ष के मौलाना फिदा हुसैन, अल्ताफ हुसैन, इशहाक अहमद, शमसुल हसन समेत कई लोग मौलाना अदनान रजा से मिलने पहुंचे। बताया, मस्जिद रजिस्टर्ड है। पुलिस के कहने पर सभी तरह का सहयोग किया जा रहा था। फिर भी शुक्रवार दोपहर भीड़ ने मस्जिद पर हमला कर दिया और उसके अंदर-बाहर और छत पर तोड़फोड़ की। मौलाना ने कहा कि मुसलमान लगातार पुलिस को सहयोग कर रहे थे। फिर भी मस्जिद पर हमला होने दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने हालात पर काबू पाने की कोशिश की, मगर विधायक ने भीड़ के साथ पहुंचकर फिर माहौल बिगाड़ दिया।

## जिले में 24 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में आगामी पर्वों के मद्देनजर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार से 24 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर एक साथ पांच या इससे ज्यादा व्यक्तियों के खड़े होने पर पाबंदी रहेगी, मगर यह आदेश सरकारी कार्यालयों और सरकारी कार्यालयों पर लागू नहीं होगा।

डीएम ने महात्मा गांधी जयंती, महाराजा अग्रसेन जयंती, दशहरा, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त जयंती, गुरुनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा और लोक सेवा आयोग समेत होने वाली अन्य परीक्षाओं के मद्देनजर निषेधाज्ञा आदेश के तहत धारा 163 (पहले 144) को प्रभावी कर दिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी को इसके कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना जन सभा, जलसा, जुलूस, धरना प्रदर्शन नहीं किए जा सकेंगे।

### रंगदारी न देने पर बांके से हमला कर हत्या की कोशिश

**सीबीगंज, अमृत विचार :** रंगदारी न देने पर दबंगों ने बुजुर्ग पर घर में घुसकर गर्दन पर बांके से हमला कर दिया। शोर सुनकर आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव हमीरपुर निवासी अजय ने बताया कि 25 सितंबर को करीब 10 बजे उसके गांव का भोगराज उसके दादा बुद्ध सेन के पास आया और उनसे रंगदारी मांगी। मना करने पर उसने गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि देर रात 12 बजे भोगराज बांका लेकर घर में घुस गया और दादा की गर्दन पर कई प्रहार किए, जिससे पीछे से गर्दन कट गई और हाथ की हड्डी फट गई। दादा की जेब में रखे पांच हजार रुपये भी लूट लिए। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी भोगराज मूल रूप से फतेहगंज पश्चिमी के गांव ढिरिया का रहने वाला है और हत्या के एक मामले में वांछित है। वह वहां से भागकर यहां आकर रहने लगा। बुद्ध सेन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# धर्मस्थल के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाने पर बवाल, पथराव

## दो समुदाय के लोग भिड़े, पांच घायल, पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ा, दोनों पक्षों से आठ लोगों का चालान

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार:** फतेहगंज पश्चिमी के गांव इमामगंज में गुरुवार देर रात धर्म स्थल की तरफ सीसीटीवी कैमरे का रुख करने पर दो समुदाय के लोगों में टकराव हो गया। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सिर में पत्थर लगने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आठ लोगों का शांतिभंग में चालान किया है और गांव में फोर्स तैनात कर दी है।

गांव इमामगंज में धर्म स्थल है। गांव के पूर्व प्रधान अय्यूब अली ने चंदा एकत्र कर सड़क पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एक कैमरा बिजली के खंभे से धर्मस्थल की ओर लगवा दिया। इस पर लोगों ने गुरुवार को विरोध किया और कहा कि महिलाओं के फोटो का दुरुपयोग किया जाएगा। विरोध पर कैमरा हटा लेने की सहमति पर मामला शांत हो गया, लेकिन कैमरा हटाया नहीं गया। देर रात गांव की एक परचून दुकान पर दोनों समुदाय के लोग बैठे थे कि तभी कैमरे को लेकर फिर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और पथराव कर दिया। पथराव में हरप्यारी और उनकी नाती, राशिद, रियासद शाह, सलमान अली घायल हो गए। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और लाठी फटकार कर सभी को खदेड़ा। गांव में तनाव पूर्ण स्थिति देखते हुए थाना सीबीगंज, भोजीपुरा, शाही, शीशगढ़ की पुलिस भी पहुंच गई। फोर्स को देखकर लोग खेतों की ओर भाग गए। पुलिस ने दोनों समुदाय के 13 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने एक पक्ष के बुंदा शाह, जीशान अली, लियाकत अली, यकीन शाह, एहसान अली, मुस्तकीम, कय्यूम, इमरान अली, आबिद और दूसरे पक्ष से मंगलसेन, शोभाराम, सुरेंद्र और थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव मंडोली निवासी राजू का शांतिभंग में शुक्रवार को चालान कर दिया।




खंभे पर लगा सीसीटीवी कैमरा और मौके पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

> धर्मस्थल की तरफ कैमरे लगाने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की तरफ से एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात की है। -**मुकेश मिश्रा**, एसपी उत्तरी

## रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद लेखपाल निलंबित

**बरेली/देवरनियां,अमृत विचार :** बहेड़ी तहसील में तैनात लेखपाल ने जमीन के बंटवारे के प्रमाण पत्र के लिए 600 रुपये की रिश्वत ली। भाजपा नेता ने उसकी वीडियो बनाकर एक्स पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पोस्ट की। वीडियो के आधार पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जांच कराकर लेखपाल को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच का आदेश दिया है।

गांव नन्दपुर निवासी धर्मेन्द्र ने अंश प्रमाण पत्र (जमीन के बंटवारे का प्रमाण पत्र ) बनवाने के लिए तहसील में आवेदन किया था। इसके बदले में लेखपाल केसर सक्सेना ने उनसे 600 रुपये लिए। इसी दौरान किसी ने लेखपाल की वीडियो बना ली। भाजपा नेता विपिन गंगवार ने एक्स पर मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को वीडियो पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की। वायरल वीडियो के आधार पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर एसडीएम बहेड़ी ने तहसीलदार से जांच कराई। तहसीलदार की प्रारंभिक जांच में लेखपाल दोषी पाया गया। तहसीलदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि लेखपाल ने किसी से 600 रुपये लिए थे और उसे निलंबित कर दिया गया है। वीडियो काफी पुराना है और इसे अब वायरल किया गया है।

## डॉक्टर ने अपने ही समुदाय के धर्मगुरुओं पर की अभद्र टिप्पणी तो गरमाया माहौल


जुमे की नमाज के बाद डॉक्टर का घर घेरने पहुंची भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मीरगंज में एक मुस्लिम डॉक्टर के अपने धर्मगुरुओं पर अशोभनीय टिप्पणी के बाद कस्बे का माहौल गरमा गया। दोपहर जुमे की नमाज के सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने पहुंच गई। डॉक्टर के माफी मांगने पर पहले तो समझौता हो गया लेकिन बाद में कुछ लोग रिपोर्ट दर्ज कराने पर अड़ गए। रात में पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कस्बे में ही थाने के सामने प्रैक्टिस करने वाले डॉ. मोहम्मद हनीफ ने अपने समुदाय के धर्मगुरुओं के खिलाफ कोई टिप्पणी की थी। इससे मुस्लिम समुदाय में भारी गुस्सा फैल गया। जुमे की नमाज के दौरान पहले तो डॉ. हनीफ के खिलाफ मस्जिद में बहिष्कार की अपील की गई। इसके बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इसी बीच व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनारायन गुप्ता और जीशान अंसारी ने दोनों पक्षों को साथ बैठाकर सुलह कराने की कोशिश की।इसके बाद शाम को कुछ लोगों ने पुलिस से आपस में मामला निपटाने की बात कही। रात में मोती मियां की दरगाह में फिर बैठक हुई जिसमें डॉक्टर के अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बैठक में दरगाह के सज्जादनशीन तस्लीम मियां, ताहिर मियां, मौलाना नदीम, मौलाना शरीफ, हाजी सद्दीक, पूर्व चेयरमैन इल्यास अंसारी और सपा नेता अफशन खां, मुशर्रफ, नसीमुल हसन आदि मौजूद रहे। लेकिन रात में इस मामले में फिर दो फाड़ हो गए। कस्बे के ही मोहम्मद नदीम ने थाने जाकर डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। सीओ गौरव सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

● **जुमे की नमाज में डॉक्टर के बहिष्कार के एलान के बाद थाने पहुंचे सैकड़ों मुसलमान, रिपोर्ट**

# शोहदे से परेशान किशोरी ने जहर खाया, अस्पताल में दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गांव के ही युवक की छेड़खानी और उसके परिजनों के उत्पीड़न से परेशान होकर किशोरी ने जहर खा लिया और जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी के मामा की शिकायत पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर इलाके के एक गांव में रहने वाले पीड़िता के मामा के मुताबिक उनकी 14 वर्षीय भांजी के साथ गांव का ही हसन खां तीन महीने से छेड़खानी कर रहा था। दो दिन पहले उसने उसे फोन कर परेशान किया। उनकी बहन ने हसन का समझाने के साथ उसके परिजनों ने शिकायत की लेकिन हसन की मां मुन्नी ने उसी का पक्ष लेते हुए उनकी भांजी को अपशब्द कहे। शुक्रवार को हसन ने दोबारा फोन किया और फिर घर में घुस आया और उसे धमकाया। उनकी बहन ने फिर हसन को समझाया, फिर भी वह नहीं माना तो यूपी 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली।

पुलिस हसन को थाने ले गई जिसके बाद उसकी मां मुन्नी, कादिर खां, सोनू, गोलू खां उसकी बहन के घर में घुस गए।

हसन की मां ने उसकी भांजी से अपशब्द कहे तो आहत होकर उसने सुबह करीब 11 बजे जहर खा लिया। वह उसे निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने वहां उसे भर्ती नहीं किया तो जिला अस्पताल पहुंचे जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। इज्जतनगर पुलिस ने मुन्नी, कादिर खां, सोनू , गोली खां और हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और हसन को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी इंस्पेक्टर इज्जतनगर राजेश कुमार ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हसन खां को हिरासत में लिया गया है।

● **मामा की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने पांच आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट**

### किशोरी के जहर पीने के बाद हरकत में आई पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को दबोचा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली,अमृत विचार :** बैरियर टू चौकी क्षेत्र में छेड़खानी से परेशान किशोरी के जहर खाने के बाद थाना इज्जतनगर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया और उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बैरियर टू चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ गांव के ही दुर्गेश यादव ने 19 सितंबर को छेड़खानी की थी। किशोरी के पिता ने थाना इज्जतनगर में शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी और आरोपी की पत्नी के पहले हुए ऑपरेशन को चोट मानते हुई किशोरी और उसकी बहन को धमकाया था। महिला सिपाही के धमकाने पर किशोरी ने समझौता कर लिया था। दुर्गेश ने गुरुवार को दुकान पर गई किशोरी से छेड़खानी की थी। इससे परेशान होकर किशोरी ने जहर पी लिया था। जब मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो इज्जतनगर के प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शुक्रवार को दुर्गेश को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

● **थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाया धमकाकर करा दिया था समझौता**

## दो यूनिट खून का 20 हजार में सौदा करने वाले अतीक समेत दो पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक व्यक्ति को 20 हजार रुपये में दो यूनिट खून दिलाने वाले अतीक अहमद समेत दो पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके गिरोह में शामिल लोगों के बारे में पता लगा रही है।

शाही के ठिरिया कल्यानपुर निवासी निवासी नंदकिशोर के मुताबिक उनकी गर्भवती पत्नी श्वेता एक अस्पताल में भर्ती है। डॉक्टर ने उसे दो यूनिट खून लाने को कहा। अस्पताल के बाहर ही उसकी अतीक से मुलाकात हुई। आरोप है कि अतीक ने 20 हजार रुपये में दो यूनिट खून और प्लाज्मा दिलाने को कहा। नंदकिशोर ने अतीक अहमद के खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। अतीक ने एक यूनिट खून और प्लाज्मा दिला दिया। लेकिन कागज नहीं दिए। इससे उन्हें शक हुआ कि कहीं खून से उनकी पत्नी किसी और बीमारी से ग्रसित न हो जाए। इस पर अतीक मौके से भाग गया। उसे एक संगठन ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

● **गिरोह में और भी सदस्य शामिल पुलिस कर रही पूछताछ**

# अदालत की कर्मचारियों के विरुद्ध टिप्पणी रद्द करें

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला जज को प्रार्थनापत्र देकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारियों ने फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर की उस टिप्पणी को निरस्त कर आदेश से हटाने की मांग की कि जिसमें उन्होंने अदालतों में कार्यरत स्थानीय कर्मचारियों के अपराधियों से साठगांठ रखने की बात कही थी।

स्पेशल जज ने बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज की हत्या की कोशिश के जुर्म में हिस्ट्रीशीटर ललित सक्सेना को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस केस के परीक्षण के दौरान उन्होंने पाया था कि ललित सक्सेना के खिलाफ 10-12 साल पुराने कई केसों में सुनवाई पूरी हो चुकी है जिनमें उसके खिलाफ भरपूर साक्ष्य भी मिले लेकिन इसके बावजूद उसे सजा नहीं सुनाई गई। उन्होंने अपने आदेश में इसे कचहरी में तैनात स्थानीय कर्मचारियों के अपराधियों से साठगांठ रखने का नतीजा बताया था। शुक्रवार को न्यायालय के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त पत्र जिला जज को दिया जिसमें कहा है कि कोर्ट की टिप्पणी में मुल्जिमों का साथ देने और उनके साथ सांठगांठ कर उन्हें लाभ पहुंचाने की बात कहने से कर्मचारियों में रोष है। क्षमता से अधिक बोझ होने के बाद भी न्यायिक कर्मचारी तत्परता से काम करते हैं, उनकी पीड़ा समझने वाला भी कोई नहीं है। उनके विरुद्ध ऐसी टिप्पणी गलत, अशोभनीय और उनका मनोबल तोड़ने वाली है और न्याय से उनका विश्वास उठाने वाली भी है। इससे उनकी प्रतिष्ठा और छवि भी धूमिल हुई है। कर्मचारियों ने टिप्पणी को निरस्त कर आदेश से हटाने की मांग करते हुए पत्र की प्रतिलिपि इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति, प्रशासनिक न्यायमूर्ति और दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ इलाहाबाद के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह को भी भेजी है।

● **न्यायिक कर्मियों ने जिला जज को दिया पत्र, कहा- मनोबल तोड़ने वाली है टिप्पणी**

### कर्मचारी जबरन दूसरा मीटर लगाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर रोड की आनंद विहार कॉलोनी निवासी जावेद जहरा ने मुख्य अभियंता रणविजय सिंह से शिकायत की कि उनके मकान पर दो किलोवाट का कॉमर्शियल मीटर लगा हुआ है। उन्होंने जून तक बिल जमा कर दिया है। आरोप है कि पिछले दिनों बिजली विभाग के कर्मचारी ने मकान पर आए और मीटर की डिस्प्ले खराब होने की बात कहकर दूसरा मीटर लगा दिया। दूसरे मीटर में 890 यूनिट बिजली की खपत दिखा दी गई। जब इस बारे में पूछा तो बताया गया कि पुराने मीटर की यूनिट नए मीटर में आ गई है। महिला ने मीटर से यूनिट हटाने की मांग की है।

# औद्योगिक भूमि फ्री होल्ड कराने को मुहिम

## आईआईए की समन्वय बैठक में औद्योगिक संगठनों ने किया संयुक्त रूप से एलान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराने की मांग को लेकर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की मुहिम तेज हो गई है। इस मुद्दे पर सभी औद्योगिक संस्थान एकजुट हो गए हैं। जल्द यह मांग शासन के सामने रखी जाएगी। शुक्रवार को संगठनों ने यह संयुक्त निर्णय आईआईए की समन्वय बैठक में लिया।

स्टेशन रोड पर एक होटल में बरेली मंडल की समन्वय बैठक डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एमएसएमई के समग्र विकास के लिए जरूरी होता जाता है कि पूर्व की व्यवस्था से औद्योगिक इकाई को मुक्त किया जाए। उन्होंने जिले के बाकी औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों से आईआईए की ओर से चलाए जा रहे लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने के संघर्ष में एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया।


आईआईए की समन्वय बैठक में कई उद्यमियों ने हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि औद्योगिक विकास में तेजी लाने, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में सशर्त बदलाव होने चाहिए। कहा कि आईआईए ने उद्यमी महासम्मेलन 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भी लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड की मांग रखी थी। ईज ऑफ डूइंग मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और उद्योगों के संचालन में सरलता के लिए फ्री होल्ड में बदलाव जरूरी है।

चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा कि यूपीसीडा या उद्योग निदेशालय की ओर से दी गई लीज होल्ड भूमि पर कई अहम कार्यों के लिए उद्यमियों को अनुमति लेने के विभागों के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते हैं। उद्यमियों को भ्रष्टाचार का भी शिकार बनना पड़ता है।

डिवीजनल सेक्रेट्री मनोज पंजाबी, फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, उप्र. उद्योग व्यापार मंडल के सचिव संदीप चांदना, सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सोसाइटी अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन के सचिव डॉ. नीरज सक्सेना, भोजीपुरा औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शुक्ला, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष उन्मुक्त सम्भव शील, लघु उद्योग भारती के सचिव आशुतोष शर्मा, रिछा राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. आरिफ, आईआईए के सदस्य सतीश अग्रवाल, तनुज भसीन, राकेश धीरवानी, राजीव आनन्द, सुनीत मूना, अंकित बंसल आदि उद्यमी मौजूद रहे।

### बैठक में लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड कराने के फायदे भी गिनाए

चैप्टर सचिव रजत मेहरोत्रा ने लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित करने के कई फायदे भी गिनाए। कहा कि इससे प्रशासनिक परेशानियां कम होंगी। उद्यमियों का समय बचेगा, इससे औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। सकल घरेलू उत्पाद और राजस्व में भी वृद्धि होगी, नए औद्योगिक निवेश के अवसर सृजित होंगे। रोजगार सृजित होंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए बाहर का रुख नहीं करना पड़ेगा। चैप्टर कोषाध्यक्ष सलिल बंसल ने बताया कि बदलाव होने से सरकार को राजस्व मिलेगा। इससे नए औद्योगिक क्षेत्र सृजित हो सकेंगे।

# कर्मचारी भविष्य निधि योजना की जानकारी दी

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय के तहत आने वाले आठ जिलों में शुक्रवार को निधि आपके निकट-2.0 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम फ्यूचर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी अनिल कुमार ने कर्मचारियों, पेंशनरों और कैंप में पहुंचे लोगों को नियोक्ता और कर्मचारी भविष्य निधि योजना की जानकारी दी। पेंशनधारकों के ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के नवीनीकरण करने के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर पंकज कुमार मिश्रा, संतोष कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।

# आश्वासन के बाद यूनियन बैंक कर्मियों की हड़ताल स्थगित

- यूनियन बैंक और प्रबंधन के बीच उपायुक्त श्रम ने कराई वार्ता

**बरेली, अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन और यूनियन बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को होने वाली हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। यह निर्णय उपायुक्त श्रम, प्रबंधन और यूनियन के बीच हुई वार्ता के बाद लिया गया। कुछ दिनों से बैंक के कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर थे, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ा था।

मामले की गंभीरता को समझते हुए उपायुक्त श्रम ने दोनों पक्षों के बीच वार्ता आयोजित की, जिसमें यूनियन ने वेतन वृद्धि, काम करने के घंटे, कार्य की स्थिति में सुधार समेत कई मांगों को रखा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि शीघ्र इन मांगों पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इसपर यूनियन ने अपने सदस्यों को काम पर लौटने का निर्देश दिया। यूनियन के नेताओं ने बताया कि वे प्रबंधन की ओर से दिए गए आश्वासन से संतुष्ट हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही उनकी सभी मांगों पर गौर किया जाएगा। बैंक के ग्राहक भी अब राहत महसूस कर रहे हैं। यूनियन बैंक के अधिकारियों का कहना है कि वे कर्मचारियों की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हैं और उनके साथ लगातार संवाद में रहेंगे।

## विहिप की जन आक्रोश रैली कल



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेताओं ने शुक्रवार को केशव कृपा भवन पर बैठक की, जिसमें रविवार को निकलने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। विहिप नेताओं ने बताया कि तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाकर हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने के विरोध में रविवार सुबह 10 बजे से नेहरू युवा केंद्र से जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। कमिश्नरी में कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली में बरेली के अलावा बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में रैली को सफल बनाने के लिए महानगर के 12 प्रखंडों के अध्यक्ष, मंत्री, संयोजक, दुर्गा वाहिनी एवं मात्र शक्ति के कार्यकर्ताओं ने योजना बनाई। विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, आशु अग्रवाल, दिव्य चतुर्वेदी, संजय शुक्ला, विकास सोमवंशी, राजेश पाठक, राधा दिवाकर, परम केशवानी, शिव कुमार वरतरिया, रमेश मेहरोत्रा, कमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जर्जर सड़क से परेशान लोग निराश होकर लौटे



**बरेली, अमृत विचार :** करीब एक साल से सड़क निर्माण के लिए बाकरगंज के लोग नगर निगम का चक्कर काट रहे हैं। लोग शुक्रवार को नगर निगम पहुंचे लेकिन मेयर और नगर आयुक्त से मुलाकात न होने की वजह से निराश होकर लौटना पड़ा। उन्हें कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार को मुलाकात होगी। बाकरगंज मोहल्ले की करीब एक किलोमीटर की सड़क श्मशान घाट को जाती है। नगर निगम पहुंचे लोगों ने बताया कि करीब एक साल से सड़क जर्जर है। कई बार नगर निगम आकर ज्ञापन दिया लेकिन बात नहीं बन सकी। हल्की बारिश में जलभराव होने पर आए दिन लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। बृहस्पतिवार को ई रिक्शा चालक मोहसिन सड़क के गड्ढे की वजह से गिर गया और उसका पैर टूट गया। इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, फिर भी सड़क निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है। नगर आयुक्त को ज्ञापन देने के लिए आए थे लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई है और फिर आने को कहा गया है। इस दौरान आरिफ, दिशांत, मोहम्मद मियां, असलम, नवसर आदि मौजूद रहे।

## होटलों के किचन और डाइनिंग में सीसीटीवी जरूरी



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में होटल एवं रेस्टोरेंट कारोबारियों को दो बैच में खाद्य कारोबारियों को नए नियम और बदलाव का प्रशिक्षण दिया गया। 70 प्रतिभागियों को 35-35 के बैच में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें मुख्य रूप से होटलों के किचन और डाइनिंग एरिया में सीसीटीवी होना आवश्यक बताया गया। प्रशिक्षण में जिले के प्रमुख होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के साथ उनके मैनेजर और शैफ ने प्रतिभाग किया। सहायक आयुक्त खाद्य संदीप कुमार चौरसिया, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, कमलेश कुमार शुक्ला, राघवेन्द्र प्रताप वर्मा, इन्द्रजीत सिंह, ज्योत्सना त्रिपाठी, प्रतिमा त्रिपाठी, मो नसीम खान, हिमांशु सिंह उपस्थित रहे।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## सार-संक्षेप

### कर्म के अनुसार मिलता है फल : कृष्ण शास्त्री



बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी नगर स्थित कृष्णा होम्स कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य दिव्य कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कर्म करना जीव का धर्म है। कर्म के अनुसार ही फल मिलता है। उन्होंने बताया गरुण के भय से कालिया नाग यमुना में रहने लगा, जिससे यमुना का जल विषैला हो गया। कोई यमुना का जल पीता तो वह मर जाता था। श्रीकृष्ण ने कालिया नाग से युद्ध कर उसे नाथ दिया। उन्होंने गोवर्धन लीला का भी प्रसंग सुनाया।

### शबद गायन कर संगत को निहाल किया



बरेली, अमृत विचार : श्री गुरु नानक देव के ज्योति जोत पर्व पर आलमगीरीगंज बताशे वाली गली स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सचखंड दरबार में सात दिन से चल रहे श्री संपट अखंड पाठ साहिब का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य दीवान सजाया गया। हजूरी रागी कुशल पाल सिंह और रणजीत सिंह ने शबद गायन कर संगत को निहाल कर दिया। बच्चों ने विशेष रूप से कीर्तन गायन किया। श्री दरबार साहब अमृतसर से आए करनैल सिंह और चंडीगढ़ से आए जसविंदर सिंह पलसोरा ने भी शबद गायन किया। संगत ने गुरु का लंगर छका। प्रधान रविंदर पाल सिंह कालरा, सचिव गुरमीत सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण अरोरा, प्रीतम सिंह कपूर, गुरमीत सिंह नामधारी, मनोज मूलचंदानी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को निशुल्क बैग वितरित किए



बरेली, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब बरेली साउथ ग्लोरी ने करेली में ज्योति ठाकुर के संस्कार निशुल्क शिक्षा केंद्र पर बच्चों को 101 स्कूल बैग वितरित किए। क्लब की अध्यक्ष सुनीता जैन, इनरव्हील मंडल 311 की मंडलाध्यक्ष नीलू सिंह धाकरे, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब प्रेसिडेंट प्रीती अग्रवाल, सेक्रेटरी सुधा भाटिया, हिना सक्सेना, वंदिता शर्मा, रजनी अग्रवाल मौजूद रहीं।

### भविष्य की संभावनाओं की चुनौतियों पर चर्चा



बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र में आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रतिभागियों ने आत्मनिर्भर भारत की रूपरेखा और भविष्य की संभावनाओं और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक केंद्र समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान नए भारत का विजन है, इसका उद्देश्य भारतवर्ष के नागरिकों को स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की आधारभूत संरचना और प्रणाली का विकास करना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्वर्णिमा गुप्ता, द्वितीय दीपांशु दीप और तृतीय कशिश पाल रहे। कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, डॉ. इंदरप्रीत कौर, मो. फैज, प्रतिमा, विधि, इंशा खान, सुमित सिंह, साई दीपेंद्र, अमित यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रश्मि सिंह ने हेवी मेटल पर किया शोध



बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा डॉ. रश्मि सिंह ने हेवी मेटल कंटेमिनेशन एंड एंटी ऑक्सीडेंट प्रापर्टी इन सेलेक्टेड वेजिटेबिल एंड सीड विषय पर पीएचडी पूरी की है। उन्होंने बरेली कॉलेज के प्रो. डॉ. आलोक कुमार खरे और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की डॉ. सुप्रिया तिवारी के मार्गदर्शन में शोध पूरा किया। रश्मि सिंह के शोध के परिणाम अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने रश्मि को बधाई दी। प्रो. आलोक खरे ने बताया कि रश्मि सिंह का शोध खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालता है। उनके अध्ययन से भारी धातुओं के कारण होने वाले खाद्य प्रदूषण और प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट्स के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी।

### कॉन्फ्रेंस में जल संरक्षण पर प्रस्तुत की रिपोर्ट



बरेली, अमृत विचार : जनार्दनराय नागर विश्वविद्यालय उदयपुर में 21 और 22 सितंबर को जल संरक्षण पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में बरेली कॉलेज के पीएचडी छात्रों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। शोधार्थी अमित कुमार सिंह और ज्योति यादव ने प्रो. राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में जल संकट की वर्तमान स्थिति और इसके संभावित समाधान पर अपने निष्कर्ष साझा किए। रिपोर्ट में जल संकट से निपटने के लिए सस्टेनेबल प्रैक्टिस को अपनाना अनिवार्य बताया। शोधार्थियों ने सुझाव दिया कि वर्षा जल संचयन, संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। मुख्य वक्ता जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह रहे। देशभर से शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने इसमें भाग लिया।

# फिर नहीं खुला मरम्मत के बहाने बंद हुआ छात्रावास

## आठ साल पहले छात्रों को निकालकर कराया था खाली, अब तक नहीं कराई गई मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में जर्जर छात्रावास छह साल से बंद है। अभी तक छात्रावास की मरम्मत नहीं हो सकी है। कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र किराये के कमरे में रहने के लिए मजबूर हैं। अब तक छात्रावास की मरम्मत नहीं हो पाई है।

- **देखभाल न होने से अब जंगल में हुआ तब्दील**

बरेली कॉलेज में वर्ष 2016-17 में तत्कालीन प्राचार्य प्रो. सोमेश यादव ने जीर्णोद्धार के उद्देश्य से छात्रों को छात्रावास खाली कराया था। उस समय छात्रावास में 60 से 70 छात्र रहते थे, लेकिन करीब छह साल से छात्रावास बंद पड़ा है। उसके चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं, जिससे वह जंगल में तब्दील हो गया है। कुछ समय पहले यहां से जेनरेटर का सामान चोरी होने की बात सामने आई थी। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से मरम्मत कराकर छात्रावास खोलने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें किराये पर न रहना पड़े और खर्च भी कम हो। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के अनुसार कॉलेज प्रबंधन के सहयोग से जल्द मरम्मत के कार्य होने हैं। छात्रावास की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी।



बरेली कॉलेज में लंबे समय से बंद पड़े छात्रावास की दुर्दशा। ● अमृत विचार



छात्रावास परिसर में उगी झाड़ियों की सफाई कराने की भी सुध नहीं। ● अमृत विचार



बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया है। कॉलेज में छात्रावास जर्जर अवस्था में है। रहने के लिए कमरे की तलाश कर रहा हूं। –रवि, छात्र, शाहजहांपुर



रोज घर से कॉलेज आना जाना संभव नहीं है। इस वजह से कालीबाड़ी और रोडवेज के आसपास किराये पर कमरा ढूंढ रहा हूं। –**रोहित**, छात्र, देवरनिया



बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिया है। सुबह 9 से कक्षाएं चलती हैं। रोज आना संभव नहीं हो पा रहा है, इसलिए कमरे तलाश रहा हूं। –अभिषेक, छात्र नवाबगंज



बीए के पहले सेमेस्टर में कुछ समय को कमरा लिया था, अब फिर कमरा देख रहा हूं, छात्रावास चालू होता तो राहत मिलती। –**मुकेश**, छात्र, मीरगंज

# पीएचडी साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय ने पीएचडी में प्रवेश की तिथि 25 से 28 सितंबर प्रस्तावित की है लेकिन साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी परेशान हैं। वहीं शोध निदेशालय प्रवेश की जल्द संशोधित तिथि जारी कर सकता है। साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों का कहना है कि निदेशालय ने 10 सितंबर को प्रवेश तिथि निर्धारित की थीं। 21 सितंबर को प्रवेश साक्षात्कार समाप्त होने के बाद भी परिणाम नहीं जारी हो सके, ऐसे में वह बिना परिणाम के प्रवेश कैसे लेंगे। निदेशालय से अभ्यर्थियों को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे संशय की स्थिति है। इस संबंध में शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने कहा कि साक्षात्कार का परिणाम तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्रवेश की संशोधित तिथि जारी की जाएगी। साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थी अपनी मेल और निदेशालय की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

# कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया



प्राचीन माहौर वैश्य नवदुर्गा मंदिर में आयोजित कथा में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **महारास लीला के साथ झांकियां भी प्रस्तुति की गईं**

**अमृत विचार :** रोहली टोला के प्राचीन माहौर वैश्य नवदुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथाव्यास आचार्य मुकेश मिश्रा ने श्रीकृष्ण- रुकमणि विवाह का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने बताया कि पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव सागर पार कर जाता है। कथाव्यास ने श्रीकृष्ण का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, ऊधव गोपी संवाद आदि प्रसंग भी सुनाए। वहीं, महारास लीला भी प्रस्तुत की गई। भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। इस दौरान श्रीकृष्ण और रुकमणि की झांकी निकाली गई। अध्यक्ष जयनारायण गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, संजय वर्मा ,उमेश गुप्ता, रूपेंद्र गुप्ता, रामेंद्र प्रसाद गुप्ता, अर्जुन अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वृंदावन की मंडली ने रासलीला का मंचन किया

**बरेली, अमृत विचार :** श्री मनकामेश्वर नाथ मंदिर पार्क बन्नूवाल नगर और श्री राधाकृष्ण रासलीला महोत्सव आयोजन समिति की ओर से चल रहे महोत्सव के छठे दिन वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया।

- **हनुमान चालीसा का पाठ और हरिनाम संकीर्तन किया**

वृंदावन श्री रासलीला मंडली के निर्देशक पं. मोहन लाल शर्मा ने हनुमान चालीसा का पाठ और हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत की। नंदबाबा के घर गोकुल में माखन चोरी, श्रीकृष्ण की यमुना तट पर गोपियों की मटकी फोड़ने की नटखट लीला मंचन किया गया। पूर्व पार्षद चमन सक्सेना, अनुपम चमन, राजेश राघव, राजेन्द्र आनंद, भारत मूलचंदानी, शरद शर्मा एडवोकेट, राजीव कुमार, शिवम अग्रवाल, मोहित आदि मौजूद रहे।

# शबरी के आश्रम पर पहुंचे श्रीराम सीता तक पहुंचने का मार्ग बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सुग्रीव मित्रता, बाली वध और लंका दहन का किया मंचन**
- **राधा माधव संकीर्तन मंडल करा रहा है रामलीला का आयोजन**

**अमृत विचार :** राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल पर चल रही रामलीला के सातवें दिन शुक्रवार को शबरी के आश्रम पर श्रीराम के पहुंचने, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन की लीला का मंचन किया गया।

वृंदावन के स्वामी देवकीनंदन ने बताया कि शबरी के आश्रम पर राम आए तब नौ भक्तियों का उपदेश दिया। राम ने शबरी से सीता के हरण के बारे में पूछा। शबरी ने कहा, यह तो नहीं पता किसने हरण किया है मगर कौन मिलवा सकता है, यह कहते हुए सुग्रीव का पता बताया। राम लक्ष्मण सुग्रीव से मिलने पहुंचे। उधर, हनुमान ने ब्राह्मण भेष रख दोनों भाइयों की परीक्षा ली लेकिन बाद में चरण स्पर्श कर समर्पण कर दिया। हनुमान उन्हें कंधे पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले गए। जब सुग्रीव से भेंट हुई तो उन्होंने राम को अपनी व्यथा बताई। श्रीराम ने बाली का वध किया। सुग्रीव को पंपापुर का राजा बना दिया। सुग्रीव ने सीता की खोज के लिए चार टोली बनाकर चारों दिशाओं में भेजीं। हनुमान सीता को ढूंढने लंका की ओर चल दिए। लंकिनी को एक ही मुष्ठक में जमीन पर गिराकर हनुमान ने लंका में प्रवेश किया। विभीषण के बताने पर उन्होंने अशोक वाटिका में जाकर सीता माता के दर्शन किए। मेघनाथ ने ब्रह्मपास में बांधकर हनुमान को रावण के दरबार में पेश किया। जिसके बाद हनुमान की पूछ में आग लगाने का आदेश दिया। पूंछ में आग लगाने की आज्ञा हुई तो लंका का तेल और कपड़ा कम पड़ गया। हनुमान ने सारी लंका जला डाली। राम औतार आहूजा, संजय गोयल ,पंकज अग्रवाल, रमेश निमानी ,जुगल किशोर साबू ,मोहन गुप्ता ,कैलाश चंद शर्मा, प्रेम शंकर अग्रवाल, सुरेश मिन्ना ,रिंकू आदि उपस्थित रहे।



त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# आज टेबलेट और स्मार्टफोन का वितरण फिर जाएंगे वापस

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक अंतिम वर्ष बीए, बीएससी, बीकॉम, बीलिब और बीएड और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष एमए, एमएससी, एमकाम, एमएड, एमलिब के सत्र 2022 -23 और 2023 -24 के छूटे हुए विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जाएंगे।

ये वे छात्र हैं, जिनका नाम सूची में था लेकिन वह किसी वजह से टैबलेट और स्मार्टफोन प्राप्त नहीं कर पाए हैं। इन विद्यार्थियों को शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बरेली कॉलेज कार्यालय के कमरा नंबर 39 से स्मार्टफोन या टैबलेट लेना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को आई कार्ड, फीस स्लिप और अंतिम सेमेस्टर की मार्कशीट की मूल और एक-एक छाया प्रति साथ लेकर आना होगा। फोन ओर टैबलेट केवल छात्र-छात्रा को ही दिया जाएगा। इसके बाद महाविद्यालय से बचे हुए स्मार्टफोन और टैबलेट जिलाधिकारी कार्यालय को वापस कर दिए जाएंगे।

# हवन-पूजन के बाद 456 साल पुरानी चौधरी तालाब रामलीला की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से शुक्रवार को चौधरी तालाब में 456 वर्षों से होने वाली श्री रामलीला के 457 वें संस्करण की शुरूआत की गई। रामलीला के भूमि पूजन अलखनाथ मंदिर के महंत कालू गिरी महाराज और मठ तुलसी मंदिर के महंत नीरज नयन दास ने किया। मुख्य अतिथि मेयर डा. उमेश गौतम ने नारियल तोड़ कर पूजन और रामलीला की शुरुआत की।


मेयर ने लोगों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। श्री बालाजी रामलीला मंडल के कलाकारों ने सती मोह, दक्ष यज्ञ में सती का भस्म होना, पार्वती जन्म से विवाह तक की लीलाओं का मनमोहन मंचन किया।

समिति के अध्यक्ष पंडित रामगोपाल मिश्रा ने बताया यह रामलीला भारत की तीसरे स्थान की रामलीला है, जिसका आयोजन 456 वर्षों से हो रहा है। यह 457 वां आयोजन है। इस मौके पर महामंत्री शिव नारायण दीक्षित, घनश्याम मिश्रा, प्रदीप नारायण वाजपेयी, विजय मिश्रा, प्रभु नारायण तिवारी, धीरेंद्र शुक्ला, श्रेयांश वाजपेयी, बृजेश प्रताप सिंह, आदित्य नारायण मिश्रा, कृष्ण चंद्र दीक्षित, अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



पूजन में मौजूद तुलसी मठ, अलखनाथ मंदिर के महंत और समिति के पदाधिकारी।

- **कलाकारों ने सती मोह, दक्ष यज्ञ, पार्वती जन्म से विवाह तक की लीलाओं का मंचन किया**
- **कार्यक्रम में अलखनाथ मंदिर, तुलसी मठ के महंत और मेयर हुए शामिल**



जोगी नवादा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



सुभाष नगर में रामलीला मंचन के लिए रिहर्सल करने में जुटे कलाकार।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के संयोजन में जनपदीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता में तिलक इंटर कॉलेज, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, श्री पीसी आजाद इंटर कॉलेज और विष्णु इंटर कॉलेज के खिलाड़ी छात्रों ने प्रतिभाग किया। टीम में फैजान जाफरी, शिवांशु पांडेय, असद दानिश, दिव्यांशु शर्मा, अभिमन्यु कश्यप, विक्की डुस्सा, रजत प्रताप सिंह, वंश शर्मा, मोहम्मद आलम, तरुण दिवाकर, काश राठौर, नव सत्यम मिश्रा, सागर भारती, समर, मोहम्मद सोहेल, आरिफ का चयन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में प्रतियोगिता हुई। संचालन मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के क्रीडा अध्यक्ष डॉ. आर बी तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में नीतीश भारद्वाज रहे। इस दौरान विजय यादव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### बालक वर्ग कबड्डी टीम का ट्रायल



**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को जिला स्तरीय सब जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी का ट्रायल हुआ। इसमें 13 खिलाड़ी पहुंचे, जिसमें से 12 का चयन कर टीम बनाई गई। यह खिलाड़ी शनिवार को मंडलीय टीम के लिए ट्रायल देंगे।

# 110 महिलाओं में मिली खूनी की कमी सिर्फ चार को लगाया सुक्रोज इंजेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जांच में महिलाओं में खून की कमी मिल रही है, इसके बाद भी आयरन सुक्रोज इंजेक्शन नहीं लगाए जा रहे हैं। आंकड़े भी इसकी गवाही दे रहे हैं। दो महीने में जिला महिला अस्पताल में जांच के दौरान 110 महिलाओं में खून की कमी पाई गई, मगर इनमें सिर्फ चार को ही आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाए गए। रिपोर्ट के अनुसार दो महीने में अस्पताल में दो हजार से अधिक मरीज भर्ती हुई हैं।

दरअसल, प्रसव पूर्व खून, पेशाब, एचआईवी समेत कई जांचें कराई जाती हैं, अगर किसी मरीज में खून की कमी पाई जाती है, जिसका हीमोग्लोबिन 10 से 11 ग्राम प्रति डेसी लीटर होता है। उसे सामान्य स्तर तक ले जाने के लिए आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाया जाता है। स्थाई डॉक्टर की संस्तुति पर ही मरीज को इंजेक्शन लगाया जाता है, मगर अक्सर ओपीडी से स्थाई डॉक्टर गायब रहती हैं। प्रशिक्षु डॉक्टर रहते हैं। उन्हें इसकी अनुमति नहीं होती है। इस वजह से भी आयरन सुक्रोज इंजेक्शन कम लग रहे हैं।

> अस्पताल में आयरन सुक्रोज इंजेक्शन की उपलब्धता है, जिन मरीजों को आवश्यकता होती है उन्हें इंजेक्शन लगाया जाता है, लेकिन संख्या क्यों घट रही है, संबंधित से जवाब तलब किया जाएगा। –डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

# प्रतियोगिताओं में बरेली छावनी ने जीते पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ में 26 सितंबर को रक्षा संपदा निदेशालय के तहत आयोजित राजभाषा सम्मेलन राष्ट्रवाणी में कई प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें बरेली के कई प्रतिभागियों ने पुरस्कार जीता। हिंदी शब्द ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम अशरफ अली, द्वितीय मनोज कुमार और तृतीय मोनिका शर्मा रहीं। हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद में प्रथम मनोज, द्वितीय अशरफ और तृतीय सूर्यप्रकाश रहे। हिंदी प्रश्न मंजूषा प्रतियोगिता में प्रथम भावना, द्वितीय मोनिका और तृतीय रश्मि रानी रहीं।

- **हिंदी शब्द ज्ञान में अशरफ अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**

# बेकाबू हुआ मलेरिया, शहर से ज्यादा गांवों में मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आठ महीने में मिले 2272 मरीज इनमें 2259 ग्रामीण क्षेत्रों में सामने आए**
- **मझगवां ब्लॉक सबसे अधिक प्रभावित, शहरी क्षेत्र में गिनती के मरीज**

**अमृत विचार :** जिले में मलेरिया का प्रकोप सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में है। गांवों से ही लगातार नए मरीज सामने आ रहे हैं। विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी से अब तक 2272 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से 2259 मरीज अकेले ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। मझगवां ब्लाक सबसे ज्यादा प्रभावित है। विभागीय अफसर मलेरिया के लक्षण वाले मरीजों की जांच और इलाज कराने का दावा कर रहे हैं।

देहात क्षेत्र में मझगवां ब्लॉक में सबसे अधिक मलेरिया के मरीज सामने आ चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार यहां 540 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, शहरी क्षेत्र में आठ महीने में सिर्फ 13 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है।

> शहरी क्षेत्र में मलेरिया के मरीजों की संख्या काफी कम है, जबकि देहात में शुरुआत से ही मलेरिया का प्रकोप रहा है। हालांकि, इस वर्ष जांचें बीते वर्षों की तुलना में अधिक हुई हैं। उसके अनुसार मरीजों की संख्या ज्यादा नहीं है। –**सत्येंद्र सिंह**, जिला मलेरिया अधिकारी

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक,
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# युवक की हत्या पर 21 साल बाद उम्रकैद

## कोर्ट ने 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, रंजिश में की गई थी वारदात

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 21 वर्ष पूर्व रंजिशन युवक (35) की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने फरीदपुर निवासी कन्हई को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम मृतक के परिजनों को मिलेगी।

सरकारी वकील राजेश्वरी गंगवार ने बताया कि मृतक के भाई सोहनपाल ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया था कि वह ग्राम नवादा बिलसंडी का रहने वाले हैं। भाई महेन्द्र का गांव के चरन सिंह उर्फ चौधरी और खल्लपुर के कन्हई और गुलाबनगर के मोती से मेल-जोल था। यह सभी अपराधी किस्म के हैं। भाई महेन्द्र ने पांच-छह महीने से इन तीनों का साथ छोड़ दिया था, जिससे गांव का चरन सिंह उर्फ चौधरी भाई महेन्द्र से रंजिश मानने लगा था। 20 मई 2003 की रात करीब 11 बजे चौधरी, कन्हई और मोती ने महेन्द्र को घर से बहाने से बुलवा लिया। धर्मपाल के घर के पास महेन्द्र की गांव के चरन सिंह उर्फ चौधरी, कन्हई और मोती ने सिर में ईंट, पत्थर, डंडे से हमलाकर हत्या कर दी। लाश ईख के खेत में फेंक दी।

पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में भेजा था। मुकदमा विचारण के दौरान चरन सिंह उर्फ चौधरी और मोती की मृत्यु हो गई। इस वजह से दोनों के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई खत्म कर गई। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए थे।

### महिला की हत्या की कोशिश के जुर्म में हिस्ट्रीशीटर मंजीत साहू को 10 साल कैद की सजा

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** महिला की हत्या की कोशिश में सुभाषनगर का टॉप टेन अपराधी हिस्ट्रीशीटर मंजीत साहू परीक्षण में दोषी पाया गया। स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने मंजीत को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 35 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि थाना सुभाषनगर के गांव करेली निवासी समा ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई अनीश अंसारी और भूपराम दिल्ली में एक साथ मिलकर काम करते थे। दोनों में 10 महीने पहले कहासुनी में उसके भाई ने भूपराम के सिर में रॉड मारी थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। उसका भाई मौडसी हरियाणा जेल में बंद है। 14 मार्च 2020 को वह अपनी बहन परवीन और बहनोई अकरम के साथ अपने घर के गेट का ताला बंद कर रही थी, तभी भूपराम का भाई मंजीत आया और उनके ऊपर फायर कर दिया। गोली दीवार में लगी और वह बाल-बाल बच गईं। मंजीत मौके से भाग गया था। पुलिस ने मंजीत साहू के खिलाफ हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। परीक्षण के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किये थे। पुलिस ने 14 मुकदमों का आपराधिक इतिहास पेश किया था। अदालत ने जिलाधिकारी से अपेक्षा की है कि यदि उनके स्तर से सम्भव हो तो शासन से आवश्यक पत्राचार कर सिद्धदोष को जनपद के बाहर की जेल में रखना सुनिश्चित करें, ताकि अपराधियों के गठजोड़ पर अंकुश लगे।

## घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** दूसरे समुदाय के युवक ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की और विरोध पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना किला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि वह बुधवार को अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान गुलाबनगर निवासी अनस घर में घुस आया। जब घर में आने का कारण पूछा तो कहा कि आपका पति से मनमुटाव चल रहा है, इस मामले में समझाने आया हूं। वह कमरे में लेकर गया और वहां पर छेड़छाड़ शुरू कर दी और जब विरोध किया तो मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोसी अरविंद आ गए और उन्होंने बचाया। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर किला पुलिस के हवाले कर दिया है।

## धारदार हथियार और तमंचे की बट से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में पड़ोसी ने दोस्तों के साथ मिलकर युवक के सिर में तमंचे की बट और धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवक के बेहोश होने पर उसे मरा समझकर भाग गए। थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शांति विहार कॉलोनी निवासी प्रेमपाल ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका पड़ोसी दिनेश से किसी बात पर विवाद हो गया था, तब से दिनेश उनसे रंजिश मानता था। आरोप है कि गुरुवार की सुबह वह दूध देने के लिए सुभाषनगर चुंगी से जा रहे थे कि रास्ते में दिनेश और उसके दो दोस्तों ने उन्हें घेर लिया। तीनों ने लोहे की रॉड, तमंचे की बट और धारदार हथियार से हमला कर दिया। उनके मुंह पर वार कर दांत तोड़ दिए। वह बेहोश हो गए तो तीनों मरा समझकर छोड़कर चले गए। लोगों ने उनके ऊपर पानी डाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# डूडा से लोन दिलाने के बहाने कई लोगों से पांच-पांच हजार की ठगी

- थाना प्रेमनगर पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट तो एडीजी से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डूडा से लोन दिलाने के बहाने कई लोगों से एक व्यक्ति ने पांच-पांच हजार रुपये ठग लिए। जब कर्ज नहीं मिला तो उन्होंने आरोपी के घर जाकर पैसे वापस मांगे तो उसने गालीगलौज कर भगा दिया। पीड़ितों ने एडीजी से शिकायत की। एडीजी के निर्देश पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कोतवाली थाना क्षेत्र में निवासी अनिल लगसन के मुताबिक प्रेमनगर में सुर्खा बानखाना निवासी अमर सक्सेना से उनकी जान पहचान है। अमर सक्सेना ने बताया कि उसकी डूडा कार्यालय में अच्छी पहचान है। यदि कोई लोन लेना चाहे तो वह आसानी से स्वीकृत करा देगा। इसके बदले में प्रति व्यक्ति को पांच हजार रुपये देने होंगे। उस पर भरोसा करके अनिल, बिहारमान नगला निवासी अतुल कुमार, संतोष देवी, सुनील कुमार ने पांच-पांच हजार रुपये और मुंशीनगर निवासी राधा ने आठ हजार रुपये दे दिए। कई दिनों तक जब लोन की फाइल पास नहीं हुई तो सभी आरोपी के घर पैसे मांगने गए तो उसने गालीगलौज की। आरोप है कि उसने कई और लोगों से लोन कराने के नाम पर ठगी की है। लोगों ने थाना प्रेमनगर में शिकायत की लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी तो एडीजी रमित शर्मा से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

## छात्रा को भगा ले गया युवक, नकदी-जेवर भी साथ ले गई

**बहेड़ी, अमृत विचारः** थाना बहेड़ी क्षेत्र में 12वीं की छात्रा को युवक भगा ले गई। छात्रा घर से 20 हजार रुपये और ज्वेलरी लेकर गई है। छात्रा के परिजनों ने युवक के परिजनों से शिकायत की तो जान से मारने की धमकी दी। छात्रा के पिता की तहरीर पर थाना बहेड़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छात्रा के पिता के मुताबिक उनकी बेटी बहेड़ी के एक कॉलेज में इंटर की छात्रा है। बेटी 23 सितंबर को कॉलेज में पढ़ने गई थी। इस दौरान उसे गांव इग्राह निवासी सचिन बहला-फुसला कर ले गया। जब सचिन के घर जाकर बात की तो उन लोगों ने धमकी दी।

# मस्जिद और बहन-बेटी इस देश में सुरक्षित नहीं : तौकीर

- औरंगाबाद में हुई कान्फ्रेंस में कहा- हमारे सब्र का लिया जा रहा इम्तिहान

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने औरंगाबाद में एक कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारे सब्र का इम्तिहान लिया जा रहा है। मुसलमानों पर जुल्म किए जा रहे हैं। हमारी मस्जिद, बहन- बेटियां इस देश में सुरक्षित नहीं हैं। जल्द दिल्ली में धरने पर बैठकर मुसलमानों पर हो रहे जुल्म का विरोध किया जाएगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर देश बेच देने का आरोप लगाया। कहा कि हम अपने देश से मोहब्बत करते हैं। मोदी से हमारी नफरत इसलिए है कि वह देश को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर भीड़ आप पर हमला करे तो अपना बचाव खुद करें। बोले- पैगंबर ए इस्लाम पर टिप्पणी करने वाले पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मौलाना ने असुद्दीन औवैसी पर भी निशाना साधा। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि औरंगाबाद में हुए कार्यक्रम में मौलाना ने तकरीर की थी।

# पत्नी, साले और सास पर हमला करने पर पति समेत 16 पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज न मिलने पर पत्नी, साले और सास पर जानलेवा हमला करने वाले पति समेत ससुराल के 16 लोगों पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जगतपुर निवासी आस मोहम्मद के अनुसार बुधवार रात 10 बजे के करीब उनकी बहन शमीम को पति नसीम, उसके सुसर इश्हाक, सास कमर जहां, जेठ मोहम्मद वसीम, जेठानी हुसनबानो, देवर मोहम्मद फहीम, ननद तब्बसुम, सायरा बी, रुखसार, तय्यब, बुआ कनीजा, चाचा इसरा, चाची हसीना, मुंह बोला चाचा, ननदोई जावेद, एक अज्ञात और और तीन अज्ञात लोगों ने एक राय होकर इतना पीटा कि वह लहूलुहान हो गई। जानकारी मिलने पर जब उनका भाई जान मोहम्मद और मां हमशीरन गईं तो उन पर भी धारदार हथियार और हथौड़े से हमला कर दिया, जिसमें पीड़ित की बहन शमीम, भाई जान मोहम्मद और मां हमशीरन गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आईपीएस अंशिका के प्रशिक्षण तक एसपी सिटी और देहात को चार्ज

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी आईपीएस अंशिका वर्मा 23 सितंबर से 27 दिसंबर तक हैदराबाद में विशेष फाउंडेशन कोर्स में प्रतिभाग करने गई हैं। उनके वापस आने तक एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा और एसपी सिटी मानुष पारीक कार्यक्षेत्र देखेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एसपी सिटी मानुष पारीक को दक्षिणी क्षेत्र के सर्किल आंवला के थाना आंवला, विशारतगंज, भमोरा और अलीगंज और एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा को सर्किल फरीदपुर, मीरगंज के थाना फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, भुता, मीरगंज, सिरौली, शाही की जिम्मेदारी दी है।

# प्रधान करें जागरूक, पराली न जलाएं किसान

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पराली प्रबंधन के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल जिन गांवों में पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं, उनमें रोस्टर बनाकर प्रचार-प्रसार कर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करें। जिन गांवों में प्रचार के लिए वाहन जाएं वहां के प्रधानों की भूमिका सुनिश्चित की जाए, जिससे उनकी ओर से गांव के लोगों को भी अपने स्तर से पराली जलाने से होने वाले नुकसान, जुर्माने, वायु प्रदूषण की रोकथाम के प्रावधान आदि की जानकारी दें। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के बारे में किसानों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने भी किसानों से अपील की है कि पराली न जलाएं। इसका खेत में प्रबंधन कर कार्बनिक खाद बनाने की बात कही है। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला, संयुक्त कृषि निदेशक बरेली मंडल डॉ. राजेश कुमार, उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी।

## पुलिस ने दो गोतस्करों को भेजा जेल



**बरेली, अमृत विचार :** थाना किला पुलिस ने दो गोतस्करों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को दोनों तस्कर किला नदी के पुल के पास गोवंशीय अवशेषों को फेंक कर फरार हो गए थे। इस मामले में आशीष शर्मा ने थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी अन्नू व इमरान निवासी किला छावनी को स्वालेनगर में पुराने भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से चापड़, छुरी और रस्सी बरामद की है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेजा दिया।

## मोबाइल लूट की एक महीने बाद लिखी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए लखनऊ के युवक का कुतुबखाना पुल पर बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। युवक ने थाना कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने एक महीने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब पुलिस ने दो दिन पहले रिपोर्ट दर्ज की है। लखनऊ के मलिहाबाद के गांव ब्राह्मपुर निवासी अभिषेक ने बताया कि वह बरेली में पुलिस भर्ती परीक्षा देने आया था। उसका परीक्षा केंद्र मनोहर भूषण कॉलेज था। वह 25 अगस्त को पेपर देने के लिए कुतुबखाना पुल होते हुए मनोहर भूषण इंटर कॉलेज जा रहा था। इसी दौरान दो युवक बाइक से आए और मोबाइल छीनकर भाग गए। उन्होंने मामले की शिकायत उसी दिन थाना कोतवाली में की थी, लेकिन पुलिस ने एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज की।

## पति की मौत के बाद हिस्सेदार पर पैसे हड़पने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र की एक महिला ने पति की मौत के बाद कारोबार में हिस्सेदार पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। ऑफिसर्स एन्कलेव विस्तार कर्मचारी नगर निवासी ललिता मिश्रा ने बताया कि पति अनुराग मिश्रा का कैंसर की वजह से मौत हो गई थी। उनके दो बच्चे हैं। आरोप है उनके पति वकालत के साथ-साथ कर्मचारी नगर के दो लोगों के साथ दवाओं का कारोबार करते थे। उन्होंने कारोबार में करीब 40 लाख रुपये लगाए थे। पति की कैंसर के कारण मृत्यु हो गई। आरोप है कि दोनों लोग पति का रुपया हड़प गए। मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## हमले की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में एक युवक को घेरकर छह लोगों ने हमले की कोशिश की। युवक का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। गांव मुड़िया अहमदनगर निवासी आशू ने सीओ थर्ड और एसपी सिटी को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया कि 21 सितंबर को शाम 5 .30 बजे के करीब उनके गांव का एक युवक पांच साथियों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर उनके भाई राहुल पटेल को घेरने के लिए मुंशीनगर पहुंचा था। उनका भाई किसी तरह से बचकर आ गया। राहुल ने घटना की सूचना बैरियर टू चौकी पुलिस और थाना प्रभारी इज्जतनगर को दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना में तहरीर देने पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जबकि सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी थी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज बैरियर टू इंद्रपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी फोन से मिली थी। उन्हें सीसीटीवी का फुटेज नहीं मिला है।

## आने वाला युग है डिजिटल प्रसार का

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान मैनेज हैदराबाद के सहयोग से प्रसार शिक्षा विभाग में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि आने वाला युग डिजिटल प्रसार का है। इसलिए हमें इस प्रकार के कार्यक्रम का अधिक से प्रचार-प्रसार करना चाहिए। संयुक्त निदेशक डा. रूपसी तिवारी भी विचार रखे। प्रशिक्षण में 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का विषय डिजिटल प्रचार में नवाचार था।

## जिसे देखो हर इंसान परेशान सा है...



**बरेली, अमृत विचार :** लेखिका संघ की ओर से हिंदी पखवाड़े के तहत एक होटल में काव्य गोष्ठी हुई। कवि राजेश गौड़ ने कहा कि भूख अपने हिस्से का टुकड़ा उठा लेती है..., संस्था अध्यक्ष दीप्ती पांडे ने गजल पढ़ते हुए कहा, जिसे देखो हर इंसान परेशान सा है, लगता है आने वाला कोई तूफान सा है। कमल सक्सेना, अल्पना नारायण, किरण प्रजापति दिलवारी, मीना अग्रवाल, सुशीला धस्माना मुस्कान, डॉ निशा शर्मा, कमल कान्त तिवारी, मोना प्रधान, किरण कैंथवाल, एस के कपूर, अविनाश अग्रवाल, बीनू सिन्हा, कमल कान्त तिवारी आदि ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। इससे पहले गोष्ठी की शुरुआत डॉ. निशा शर्मा ने की। अध्यक्षता गीतकार कमल सक्सेना ने की। इस मौके पर डॉ. निशा शर्मा और ओज कवि कमलकान्त तिवारी को साहित्य में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# आवेदन : हलवाई, टेलर के लिए भरमार...बाकी ट्रेडों के लिए मनुहार

- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में इन्हीं दो ट्रेडों के लिए सबसे ज्यादा आवेदन
- अन्य ट्रेडों का लक्ष्य पूरा करने के लिए उद्योग विभाग को जूझना पड़ रहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 11 ट्रेडों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन लोगों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा हलवाई और टेलर की ट्रेड में है। उद्योग विभाग के आंकड़े भी यही बता रहे हैं। सबसे ज्यादा आवेदन भी इन्हीं ट्रेडों में हुए हैं, बाकी का लक्ष्य पूरा करना विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। कई बार अफसरों को लोगों से अन्य ट्रेडों में भी आवेदन करने के लिए कहना पड़ता है।

वर्ष 2018-19 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरुआत हुई थी। पारंपरिक कार्य करने वालों को इस योजना से जोड़ा जाता है। इसके लिए बढ़ई, धोबी, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, टोकरी बुनकर, राज मिस्त्री, हलवाई, मोची, नाई आदि 11 ट्रेडों में रोजगार देने की व्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन से 13 सौ लोगों को 11 ट्रेडों में रोजगार देने का लक्ष्य मिला है। अब तक 5500 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किए हैं। छह माह बाकी हैं।

टेलर के लिए 600 का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन छह माह में ही इसके लिए 4065 लोगों ने आवेदन कर दिए हैं। 2400 लोगों का साक्षात्कार कराया गया, इसमें 600 का चयन करते हुए प्रशिक्षण शुरू करा दिया गया है। हलवाई के लिए 250 का लक्ष्य है। 938 ने अब तक आवेदन किए हैं। 900 लोगों का साक्षात्कार हुआ और इसमें से 250 का चयन कर ट्रेनिंग शुरू करा दी गई है। नाई के लिए 75 लोगों का रोजगार देने का लक्ष्य है। इसके लिए 150 ने आवेदन किए हैं। टोकरी बुनकर के लिए 25 के लक्ष्य के सापेक्ष 75, लोहार के लिए 25 के सापेक्ष 32, बढ़ई के लिए 100 के सापेक्ष 128, सुनार के लिए 25 के सापेक्ष 28, धोबी के लिए 25 के सापेक्ष 52 आवेदन अब तक किए गए हैं। बीते वर्षों में भी स्थिति इससे जुदा नहीं रही है।

### मोची, कुम्हार और राजमिस्त्री की ट्रेड में आवेदन कम

मोची, कुम्हार और राज मिस्त्री के लिए अभी तक लक्ष्य ही पूरा नहीं हो सका है। हालांकि, अभी इस वित्तीय वर्ष में छह माह बाकी है। कुम्हार के लिए 50 के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक 41 ही आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं। मोची के लिए 25 के लक्ष्य के सापेक्ष 14 आवेदन किए गए हैं। राजमिस्त्री के लिए 100 के लक्ष्य के सापेक्ष 72 लोगों ने ही आवेदन किया है।

### इन ट्रेडों में न करें आवेदन

लक्ष्य पूरा होने पर विभाग ने टेलर, हलवाई, धोबी, लोहार और सुनार ट्रेड में आवेदन न करने के लिए कार्यालय में सूचना चस्पा कर दी है।

> सबसे ज्यादा आवेदन हलवाई और दर्जी के लिए आते हैं। अन्य ट्रेड में तो कह-कहकर लक्ष्य पूरा करना पड़ता है, फिर भी लोग दिलचस्पी नहीं लेते हैं।
> – **विकास यादव**, उपायुक्त उद्योग

# महापंचायत: किसानों ने भरी हुंकार

## नेहरू युवा केंद्र में मंडल भर के किसान जुटे, इफको की वादाखिलाफी पर जताया गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नेहरू युवा केंद्र आयोजित महापंचायत में बड़ी संख्या में शामिल हुए किसान।

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने नेहरू युवा केंद्र में शुक्रवार को मजदूर किसान महापंचायत में तमाम मांगों को लेकर हुंकार भरी। पदाधिकारियों ने इफको फैक्ट्री प्रबंधन पर वादाखिलाफी करने, छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने समेत 12 मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पदाधिकारियों ने कहा कि आंवला में जब इफको फैक्ट्री की स्थापना हुई थी, तब प्रबंधन ने किसानों से जमीन लेने के बाद परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा किया था लेकिन जब कई साल तक वादा पूरा नहीं हुआ तो किसानों ने लगातार 13 माह तक धरना प्रदर्शन किया था, जिसमें प्रशासनिक अफसरों के आदेश पर सिर्फ कुछ ही किसानों को नौकरी देकर बाद में हटा दिया, उसके बाद से स्थिति जस की तस है।

**जब बिजली बिल माफ तो फिर क्यों लगा रहे स्मार्ट मीटर**

महापंचायत में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि सरकार की मंशा किसानों के प्रति अच्छी नहीं है। किसानों को हमेशा धोखा दिया गया है। प्रदेश सरकार इस समय किसानों का बिजली बिल माफ करने की बात कह रही है, जबकि स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह कैसा माफीनामा है, जब बिल जमा नहीं होगा तो तुरंत ही बिजली बंद हो जाएगी। जब सोने का रेट बढ़ा तो कपड़ा का मूल्य, डीजल का मूल्य सारी वस्तुओं के मूल्य बढ़ गए तो किसानों के उपज की भी उसी अनुपात में मूल्य वृद्धि होनी चाहिए।

- छुट्टा पशुओं की समस्या समेत 12 मांगों का अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, मंडल प्रमुख महासचिव चौधरी विजेंदर सिंह यादव, प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह कहलो, जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह तोमर समेत अन्य ने पंचायत को संबोधित किया। पदाधिकारियों ने कहा जब तक दुखी किसान रहेगा, धरती पर तूफान रहेगा का नारा दिया। महापंचायत के बाद पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में किसान कमिश्नरी तक जुलूस की शुक्ल में पहुंचे और 12 सूत्रीय मांगों के संबंध में कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल को सौंपा। मांगों को जल्द निस्तारण न होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी भी दी। महापंचायत में बदायूं के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शंखधार, शाहजहांपुर के अनिल यादव, पीलीभीत से वेद प्रकाश शर्मा, हरचरण लाल गंगवार, बरेली से महिला संगठन की जिला प्रभारी संगीता गुप्ता, रंजन चौधरी, बदायूं प्रभारी झांझन सिंह, तहसील अध्यक्ष सुनील यादव, कार्तिक यादव, पवन कुमार, रमेश शर्मा, योगेंद्र कुमार यादव, संजीव अवस्थी, यामीन मलिक, चंद्र प्रकाश, मोहम्मद इकबाल आदि किसान शामिल हुए।



महापंचायत में बोले वक्ता और मौजूद किसान नेता। ● अमृत विचार

**किसानों ने रखी ये प्रमुख मांगें**

किसानों ने ज्ञापन में छुट्टा पशुओं की समस्या का निवारण करने, बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे कर किसानों का मुआवजा दिलाने, किसानों पर झूठी रिपोर्ट दर्ज न करने, पूर्व में दर्ज हुईं फर्जी रिपोर्ट समाप्त करने, 60 साल के ऊपर सभी को वृद्धा पेंशन मिलने, गन्ने का मूल्य बढ़ाकर पांच सौ रुपए प्रति क्विंटल करने समेत प्रमुख मांगे रखीं।

# भूमि अधिग्रहण घोटाले में दो और अभियंताओं के नाम शामिल

- बरेली और पीलीभीत में हुए घोटाले में अब तक 33 अधिकारियों-कर्मचारी पाए गए दोषी
- चार विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध, शासन को भेजे दोषियों के नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली और पीलीभीत में सितारगंज फोरलेन और रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले में दोषियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सत्यापन और मूल्यांकन में गड़बड़ी करने के मामले में अब पीलीभीत के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तत्कालीन अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता के नाम भी सामने आए हैं। अभियंताओं के नाम शासन को भेज दिए गए हैं। शासन स्तर से कार्रवाई का इंतजार हो रहा है।

अब पीलीभीत में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या 20 हो गई है और बरेली के 13 अधिकारी-कर्मचारी दोषी मिल चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के पांच अधिकारियों का निलंबन हो चुका है। बरेली में सीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने 21.52 करोड़ और पीलीभीत में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा है। पीलीभीत में 19 बाहरी लोगों के नाम घोटाले में शामिल हैं।

मंडलीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में दो तत्कालीन पीडी, कई लेखपाल, एनएचएआई के साइट इंजीनियर, नोडल एजेंसी और इसके जिला प्रतिनिधि समेत तत्कालीन अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदार और चार विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध माना है। इसमें एक अधिकारी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के नाम नहीं खोलने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं कि मूल्यांकन करने वालों को दोषी और सत्यापन करने वालों के नाम क्यों नहीं तय किए गए तो अब पीडब्ल्यूडी के दो अभियंताओं के नाम और सामने आए हैं, इसमें पीलीभीत में तैनात रहे लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के तत्कालीन अधिशासी अभियंता उदयनरायण, सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह को परिसंपत्ति के अधिक मूल्यांकन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी माना गया है। दोनों अधिकारियों के नाम शासन को भेज दिए गए हैं। बताया जाता है कि सत्यापन और मूल्यांकन रिपोर्ट पर इन अधिकारियों के नाम हस्ताक्षर से निकाले गए हैं।

### छात्रों ने किया श्रमदान

**मीरगंज :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान मिशन के अंतर्गत कॉलेज परिसर में स्वयं सेवक व सेविकाओं ने श्रमदान किया। इसके बाद स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सार्थकता तब है जब हम उसे धरातल पर स्थापित करें।

## सार-संक्षेप

### सीएआरआई में हिंदी पखवाड़े का समापन



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में शुक्रवार को हिंदी दिवस पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें कवियों ने काव्य पाठ किया। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने शोध, निबंध लेखन, वाद विवाद और टंकण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता आनंद गौतम ने की। डॉ. दिव्या, डॉ. संदीप सरन, कैलाश चंद्र, प्रशासनिक अधिकारी लाल बहादुर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### संगोष्ठी में रोजगार संबंधी जानकारी दी



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में डीएपीएससी परियोजना के तहत संगोष्ठी हुई, जिसमें विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों भाग लिया। परियोजना प्रभारी डॉ. जगबीर सिंह त्यागी ने प्रधानों से सुझाव मांगे, जिनमें मछली, सुअर, बकरी पालन, मोमबत्ती बनाने जैसी रोजगारपरक गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण की मांग की गई। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि बाय-बैक प्रक्रिया के तहत किसानों को एक दिन के देसी नस्ल के चूजे दिए जाते हैं, जिन्हें 4-5 सप्ताह बाद 95 रुपये प्रति चूजे की दर से संस्थान वापस खरीदता है। इस योजना से किसानों को प्रति माह 20 से 25 हजार रुपये तक की आय प्राप्त हो सकती है। डॉ. संदीप सरन, रिठौरा के चेयरमैन धनपाल सिंह, जियालाल, अरविंद, नितिन मौजूद रहे।

### मंडल रेल प्रबंधक को दुरुस्त मिली सफाई व्यवस्था



**बरेली, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने शुक्रवार को इज्जतनगर स्थित सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य), कुदेशिया फाटक और रोड नंबर 4, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (विद्युत) पूर्व और पश्चिम के कार्यालय का निरीक्षण किया। सफाई बेहतर मिलने पर उन्होंने खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अरुण कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मनीष गंगवार, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रवेश कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर शुभम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामायण से रामराज के विषय पर की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** कुंवर बृजमोहन सरस्वती शिशु मंदिर नेकपुर में 'रामायण से रामराज' के विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने कहा कि भारतीय समाज आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहा है, लेकिन वह नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर पतित होता जा रहा है। सनातन संस्कृति का क्षरण निरंतर हो रहा है। कहा कि रामायण हजारों वर्षों से संपूर्ण संसार में व्याप्त ऐसी गाथा है जो मनुष्य को आदर्श, शिक्षा सभ्यता, संस्कार और नैतिक मूल्यों का मार्ग दर्शन करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल रामायण भेंट कीं। प्रधानाचार्य ओमकार गंगवार, राजेंद्र कुमार गंगवार, सतपाल गोला, हेमंत कुमार शर्मा, राजेंद्र यादव, राजेश तिवारी, सुमन लता, नीतू यादव, आयुष गंगवार, विपिन, सूर्य प्रकाश सक्सेना मौजूद रहे।

### सीएनजी बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी



**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट सीएनजी स्टेशन पर शुक्रवार को सीएनजी बाइक की रैली को एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के जीए हेड आलोक वर्मा, बाइक कंपनी के आरएम सिमरवीर सिंह, एएसएम प्रशांत श्रीवास्तव, फाइनेंस कंपनी जेड एम संतोष मिश्रा, एएसएम अमित कुमार, सुमित अग्रवाल, राशु अग्रवाल, रिंकू हसन, राज गुप्ता, अजय मौर्य मौजूद रहे।

### भगत सिंह के बलिदान से प्रेरणा लें युवा



**बरेली, अमृत विचार :** संकल्प सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था की ओर से शुक्रवार को अमर क्रांतिकारी भगत सिंह की 117 वीं जयंती पर मॉडल टाउन स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक महेन्द्र सिंह बासु और अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार पागरानी ने कहा कि देश के युवा भगत सिंह के बलिदान से प्रेरणा लें। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा और संचालन मंत्री सरदार गुरविंदर ने किया। पवन अरोड़ा, डॉ विवेक मोहन सिंह, सुभाष चन्द्र डोभाल, प्रवीण शर्मा, निर्भय सक्सेना, एडवोकेट माथुर, मोहन चंद्र पांडेय, उमेश चन्द्र गुप्ता, एके जैन, रितेश साहनी आदि मौजूद रहे।

### विभाग को बिना सूचना दिए हटा दी एलटी लाइन

**बरेली,अमृत विचार :** नदौसी उपकेंद्र के गांव तिलियापुर में बिजली विभाग को बिना सूचना दिए एलटी लाइन को हटा दिया गया। गांव वालों की शिकायत पर जब बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो लाइन हटी मिली। लाइन हटाने के दौरान बड़ा हादसा हो सकता था। अवर अभियंता ने लाइन हटाने वाले के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव तिलियापुर में गौसिया मस्जिद के पास 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। गांव के लोगों ने उपकेंद्र पर सूचना दी कि किसी ने बिना सूचना के एलटी लाइन को हटा दिया है।

### आयुष मिस्टर और प्रियांशी चुनी गईं मिस फ्रेशर



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में विधि विभाग की ओर से शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ, जिसमें आयुष मिस्टर और प्रियांशी मिस फ्रेशर चुनी गईं। युवराज मिस्टर और आयुषी मिस रनरअप रहीं। हुसैफ को मिस्टर और वर्षा को मिस कॉन्फिडेंट, विशेष को मिस्टर अटायर और शबीहा को मिस अटायर चुना गया। मुख्य अतिथि प्रो. वाईडीएस आर्या रहे। संकाय अध्यक्ष प्रो. रीना जायसवाल, प्रो. केके दुबे, प्रो. आरके शुक्ला, डॉ. राजेश शर्मा, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. शौकत अली, प्रखर सक्सेना, डॉ. विश्वनाथ शर्मा, डॉ. नूपुर सोनी, मेघा मिश्रा, सलोनी राठौर, अल्पिका वर्मा, शिखा श्रोत्रिया, दीपक कांडपाल आदि मौजूद रहे। आयोजन कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में हुआ।

# अब तक पोर्टल नहीं खुलने से लटकी प्रधानमंत्री आवास के सर्वे की प्रक्रिया

- 15 सितंबर तक खुलनी थी पीएमवाईजी की वेबसाइट, एक सप्ताह बाद भी स्थिति साफ नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाईजी) की वेबसाइट खुलने की राह पिछले पांच साल से लोग देख रहे हैं। 15 सितंबर को वेबसाइट खुलने के बाद सर्वे शुरू होने की उम्मीद थी लेकिन केंद्र सरकार से कोई आदेश जारी नहीं हुआ।

पीएमएवाईजी की शुरुआत सितंबर 2018 में हुई थी, तब सर्वे के आधार पर चयनित किए गए पात्रों को 2019-20 से 2023-24 तक 22184 आवास दिए गए। लक्ष्य पूरा होने की वजह से कई लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल सका था। पांच साल बाद केंद्र सरकार फिर पीएमएवाईजी की वेबसाइट खोलने जा रही है। पिछले दिनों आयुक्त ग्राम्य विकास गौरीशंकर प्रियदर्शी ने जिला ग्राम्य विकास विभाग को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए थे। संभावना थी कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आवास प्लस का एप लांच करेंगे। इसी के साथ वेबसाइट खोल दी जाएगी, लेकिन प्रधानमंत्री का कार्यक्रम टल गया था और 17 सितंबर को पूर्व से चयनित लाभार्थियों के खाते में किस्त के 40-40 हजार रुपये भेजे गए, मगर वेबसाइट नहीं खुल सकी। अब एक सप्ताह के बाद भी वेबसाइट नहीं खुली है और न ही सर्वे शुरू हो सका है। डीआरडीए विभाग से जुड़े अधिकारियों को भी वेबसाइट खुलने का इंतजार है, ताकि सर्वे का काम शुरू कराया जा सका। अधिकारियों के मुताबिक अभी स्थिति साफ नहीं है। इस बार 25 से 30 हजार लोगों को आवास का लाभ देने देने की तैयारी है। सर्वे के लिए दो माह का समय रहेगा। इसके बाद वेबसाइट बंद हो जाएगी।

> पीएमएवाईजी की वेबसाइट 15 सितंबर वेबसाइट खुलने की संभावना थी, मगर किन्हीं कारणों से देरी हुई है। विभाग की तैयारी पूरी है, जैसे ही वेबसाइट खुलेगी सर्वे शुरू कर दिया जाएगा। – **चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव**, पीडी डीआरडीए

### शराब के सप्लायर को पकड़ा

**भोजीपुरा , अमृत विचार :** धौरा टांडा पुलिस ने देसी शराब के सप्लायर को शुक्रवार को पकड़ा, उसके पास 26 पउवा देसी शराब बरामद हुई। पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय सिंह ने एक युवक को गिरफ्तार किया, जो अवैध रूप से शराब की सप्लाई करता था। उसने अपना नाम अरुण निवासी समसपुर मजरा घुर थाना हाजा बताया।

# नर्सरी कारोबार से महिलाओं की जिंदगी में हरियाली

- कर्मचारी नगर के समीप पांच स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कर रहीं नर्सरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कर्मचारी नगर के समीप नर्सरी में काम करतीं समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चार वर्षों में नर्सरी के जरिये पांच स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 50 महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार का खर्च उठा रही हैं। पहले ये महिलाएं घरों में काम करती थीं, मगर अब पूरी तरह से नर्सरी के काम से जुड़ गई हैं।

समूह की महिलाएं कर्मचारी नगर के समीप छह बीघा भूमि में नर्सरी का काम कर रही हैं। यहां गेंदी, गेंदा, गजेनिया, डॉग फ्लावर, गुलाब, पत्थरचट्टा, एलोवेरा, शमी, अशोक, शो प्लांट, सब्जी और फलों की पौध तैयार की जाती है। पूजा स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष रामवती के मुताबिक समूह की महिलाएं मिलकर नर्सरी का काम करती हैं।

ज्योति स्वयं समूह की अध्यक्ष आरती के अनुसार एक पौधा तैयार करने में पांच रुपये की लागत आती है। चार महीने में एक पौध तैयार होती है। यदि एक लाख की पौध तैयार करते हैं तो डेढ़ लाख का फायदा तय है। चार महीने में एक महिला को 25-30 हजार तक का फायदा हो जाता है।

इस काम में महिलाओं के परिवार के सदस्य भी मदद करते हैं। पौधों को ठेलों के जरिये शहर के अंदर नर्सरी और गली-मोहल्लों में बेचा जाता है। दिल्ली जैसे दूसरे शहरों में भी तैयार पौध भेजी जाती है। इसके लिए सभी महिलाओं ने मिलकर एक मिनी ट्रक लिया है, जिससे पौध की डिलीवरी करना आसान हो गई है। इससे भाड़े की बचत होती है।

### ऐसे तैयार होती है पौधे

पौध तैयार करने के लिए जून में तैयारी शुरू हो जाती है। गोबर आदि डालकर एक महीने के लिए खेत छोड़ दिया जाता है, फिर पॉली हाउस बनाया जाता है। इसके बाद बीज डाला जाता है। पौध तैयार होने पर उन्हें छोटे-छोटे पैकटों में रखा जाता है। सीजन के हिसाब से हर बार पौध बदल दी जाती है। समूह की महिलाएं एकजुट होकर कार्य करती हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

REETASH KUMAR MAURYA S/o रमेश चन्द्र मौर्य जो कि ST. ALOYSIUS COLLEGE PILIBHIT में कक्षा 9th MARIA का है जिसका वर्तमान में नाम है जो कि गलत है जबकि सही नाम RITESH KUMAR MAURYA होना है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम शीतल से बदलकर शीतल देवी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना –पहचाना जाये व जहां जहां आवश्यक हो वहां वहां यही नाम परिवर्तित नाम दर्ज किया जाये। **शीतल देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम म्यूडी खुर्द कलां केसरपुर बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.09.2024 को घर से कचहरी जाते समय मेरी एक पॉलीथीन जिसमें एक बैनामा जो शगुफ्ता हबीब के नाम है दिनांकित 09.07.2014 बही नं. 1 जिल्द सं. 6613 पृष्ठ 141 से 166 पर क्रमांक 8662 था कहीं गिर गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **मो. वसी पुत्र श्री मसीउद्दीन नि. 290, परसौना मोहनपुर परगना व तहसील बरेली हाल नि. फाईक इन्क्लेव, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यद्यत्संदृश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है।

गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाजी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए, कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांग उठती रही है और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था,परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी से खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं,जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे,वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको

उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ है, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था,जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता में भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया,जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है,जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है,जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।


पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं,जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है,जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है,क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेंहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।

पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है,परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है,उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं,क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा,महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला,महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है,अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं,वे “ वैगुण्यदोष” के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री,हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही,देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को “स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान” के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, “इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म” के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते,जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए,ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है,यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

## जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

‘इंकलाब जिंदाबाद‘ मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था ‘साम्राज्यवाद मुर्दाबाद’ और ‘दुनिया के मजदूरों एक हो।” असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-“मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है,लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं,जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।”

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे,जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं,इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है,जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं,जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्कों से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी


डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों,महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित “विश्व रेबीज दिवस” के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के “विश्व रेबीज दिवस” के लिए निर्धारित विषय है ‘ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज’ यानी ‘रेबीज की सरहदें तोड़ना’। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# आईटी हब बैंगलोर


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

# ऑर्गेनिक पर जोर, ओडीओपी की चर्चा चहुंओर

## बरेली के गाय के गोबर से बनी पेंटिंग व अलीगढ़ के मेटल क्रॉफ्ट की मांग

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विजिटर्स आर्गेनिक उत्पादों पर खासा जोर दे रहे हैं। लगभग हर पवेलियन पर दर्शक आर्गेनिक उत्पादों को ढूंढकर खरीद रहे हैं। दर्शकों में यूपी के एक जिला एक उत्पाद को लेकर क्रेज साफ दिखता है। शायद यही कारण है कि ओडीओपी पवेलियन में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शकों को अलीगढ़, मेरठ, बांदा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर समेत अलग अलग जिलों के उत्पाद खूब भा रहे हैं।

बुलंदशहर से ट्रेड शो घूमने आयी अंजना कहती हैं कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है। इन उत्पादों में मिलावट नहीं होती। गत वर्ष भी वो ट्रेड शो में शॉपिंग करने आई थीं। अंजना ने सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल खरीदा। ट्रेड शो में देशी गुड़, हींग, घी समेत अचार, मुरब्बा आदि के स्टॉल पर भीड़ लगी थी। हाथरस की हींग बेच रहे दुकानदार ने बताया कि हम सौ प्रतिशत शुद्धता की गारंटी देते हैं। शायद यही वजह है कि लोग उत्पाद को पसंद कर रहे हैं।

अलीगढ़ मेटल क्रॉफ्ट स्टॉल पर शुक्रवार को दिन भर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही। स्टॉल संचालक कृष्ण कुमार वासनिक ने बताया कि भगवान की मूर्ति, सजावटी उत्पाद समेत ग्रास के ट्री, लैंप, दीपक आदि बेच रहे हैं। बकौल कृष्ण भगवान की मूर्ति सबकी पसंदीदा हैं। बालाजी की प्रतिमा लगभग हर भक्त खरीद रहा है। स्टॉल पर 100 रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की प्रतिमाएं मौजूद हैं।

**योगी की पेंटिंग खरीदने की होड़ :** ओडीओपी पवेलियन में एक स्टॉल ऐसा भी था, जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पेंटिंग दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बन रही थी। कई दर्शकों ने यह पेटिंग खरीदने की कोशिश की लेकिन बरेली की रचना अग्रवाल यह कहकर मना कर देती कि यह बेचने के लिए नहीं है। रचना अग्रवाल ने बताया कि दरअसल, स्टॉल में लगी सभी पेंटिंग गाय के गोबर से बनाई गई हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग किया गया है।



### कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर नगला विकास खण्ड इस्लामनगर (बदायूं)

पत्रांक: मीमो. **निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

ग्राम पंचायत भवानीपुर विकास खण्ड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त / 15 वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाईड) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नानुसार प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल्स, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 27.09.2024 को दोपहर 02 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, जो उसी दिन 27.09.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि- में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 01. | रियासत के घर में असुद्दीन के घर तक सी.सी. कार्य। |
| 02. | मस्जिद से पटे मौर्य के घर तक सी.सी. कार्य। |
| 03. | ओमेन्द्र के घर से असगर के घर तक सी.सी. कार्य। |

कन्यावती (ग्राम प्रधान) संजीव कुमार (सचिव)

### प्राथमिक विद्यालय बीवनी वि.क्षे. मझगवां, बरेली

**नीलामी जर्जर भवन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए /निर्माण-2377-86/2024-25 दिनांक 27.08.2024 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय बीवनी वि.क्षे. मझगवां बरेली के प्रांगण में स्थित मूल जर्जर भवन की प्रथम नीलामी दिनांक 30.09.2024 को है एवं नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक 03.10.2024 को की जाएगी। द्वितीय नीलामी प्रक्रिया के भी सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में तीसरी नीलामी दिनांक 5.10.2024 को पुन: की जाएगी।

**शर्ते :-**

1. बोलीदाता को बोली से पूर्व रू. 20000 धरोहर राशि के रूप में जमा करने होंगे।
2. केवल जर्जर भवन नीलाम होना है भूमि छोड़कर।
3. नीलामी स्वीकृत होने पर स्क्रैप के मूल्य का 25% तुरंत जमा करना होगा। शेष धनराशि 3 दिन के अंदर विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जमा करनी होगी।
4. नीलामी के समय अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
5. नीलामी की शेष शर्ते व नियम विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**चरन सिंह (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. बीवनी वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**ओमवती (ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत बीवनी वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**सुशील कुमार श्रीवास्तव (सचिव)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. बीवनी, वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली से आलमा पत्नी मो0 हबीब नि0 449 गुलाब नगर चाहबाई थाना प्रेमनगर बरेली एक किता मकान रक्बई 41.80 वर्गमी. जो खसरा नं. 803 व 804 में से वाकै सैदपुर हाकनस जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में आराजी क्रेता, पश्चिम में रास्ता 10 फिट चौड़ा, उत्तर में आराजी यासीन मियां व दक्षिण में रास्ता 8 फिट चौड़ा है जिसको बंधक रखकर आपकी शाखा से ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति के बाबत दो पूर्व मूल बैनामे क्रमश: प्रथम बैनामा जो यासीन मियां ने श्रीमती परवीन के हक में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 11.10.2007 ई0 को बही सं. 1 जिल्द सं0 2143 के पृष्ठ 361-378 में नं. 7442 पर हुई है व द्वितीय बैनामा जो श्रीमती परवीन ने यूसुफ के हक में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 15.11.2011 ई0 को बही सं. 1 जिल्द सं. 4926 के पृष्ठ 243-272 में नं. 12489 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 26.09.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 14 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं.- 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**ग्रेहम हा.फा.लि. बरेली मो. 9997389012**
**पंजी. सं.: 3647/06**

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल उम्मीद हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली से शिव कुमार पुत्र श्री रोशन लाल नि0 ग्राम मुड़िया जगरूप तह0 नवाबगंज जिला बरेली एक किता प्लाट तादादी 41.80 वर्गमी. जो खेत नं. 265अ में से वाकै मोहनपुर उर्फ रामनगर जिला बरेली जिसको शिव शंकर से खरीद किया था जिसकी चौहददी पूरब-खेत नेतराम, पश्चिम- रास्ता 42 फिट चौड़ा, उत्तर-प्लाट ब्रज मोहन व दक्षिण-प्लाट हरेन्द्र कुमार है को बंधक रखकर आपकी शाखा से ऋण ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.07.2018 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 9658 के पृष्ठ 305 से 326 तक क्रमांक 8092 पर हुई है जो भूपराम द्वारा हरेन्द्र कुमार व रामगोपाल के हक में निष्पादित हुआ है व एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 13.03.2019 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं.1 जिल्द 10356 के पृष्ठ 137 से 168 तक क्रमांक 3203 पर हुई है जो भूपराम द्वारा हरेन्द्र कुमार व रामगोपाल के हक में निष्पादित हुआ है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.01.2021 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 12377 के पृष्ठ 1 से 24 तक क्रमांक 936 पर हुई है जो शिव शंकर द्वारा शिव कुमार व गोविन्द कुमार के हक में निष्पादित हुआ है जिसके पृष्ठ नं. 4 व दफा-60 कहीं खो गये है जिसके खोने की सूचना दिनांक 23.09.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल उम्मीद हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज बज सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं.- 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**उ. हा.फा.लि. बरेली मो. 9997389012**

### कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं)

पत्रांक: मीमो. **निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

ग्राम पंचायत टिकरी पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त / 15 वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाईड) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नानुसार प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल्स, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2024 से दिनांक 03.10.2024 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 03.10.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | साइज | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | टिकरी पुख्ता में रामनारायण के खेत से शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य। | 150 मी. | 498451.00 |
| 02. | टिकरी पुख्ता पंचायत घर में टाइल्स कार्य। | 04 नग | 166610.00 |

श्री महताव सिंह (प्रधान) अलख निरंजन (सचिव)

### कार्यालय ग्राम पंचायत करेली विकास खण्ड क्यारा (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन फेस-2, योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के (S.L.W.M.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), केन्द्रीय वित्त आयोग, ग्राम निधि इत्यादि की धनराशि से ईट, रेत, बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगिल, टीनशेड, सीमेन्ट, ई-रिक्शा, पी.वी.सी. पाईप, इन्टरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद के गढ्ढे/ कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 3. स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट आदि | ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट आयरन ऐंगिल टीन शेड, ई-रिक्शा, पी. वी.सी. आदि। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रे वाटर मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक व संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर 3. वेस्ट स्टेबलाईजेशन पॉण्ड (W.S.P.) आदि। | पाईप, मिनी जेसीबी तथा मिनी ट्रैक्टर टॉली, क्रय, दीवार, चित्रण आदि। |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु ट्रैन्च/लीच पिट आदि। | |

उक्त के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दि. 30.09.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**श्रीमती अक्सा परवीन-ग्राम प्रधान** **एम.पी.सिंह-सचिव**

### कार्यालय ग्राम पंचायत करगैना विकास खण्ड क्यारा (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन फेस-2, योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के (S.L.W.M.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), केन्द्रीय वित्त आयोग, ग्राम निधि इत्यादि की धनराशि से ईट, रेत, बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगिल, टीनशेड, सीमेन्ट, ई-रिक्शा, पी.वी.सी. पाईप, इन्टरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद के गढ्ढे/ कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 3. स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट आदि | ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट आयरन ऐंगिल टीन शेड, ई-रिक्शा, पी. वी.सी. आदि। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रे वाटर मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक व संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर 3. वेस्ट स्टेबलाईजेशन पॉण्ड (W.S.P.) आदि। | पाईप, मिनी जेसीबी तथा मिनी ट्रैक्टर टॉली, क्रय, दीवार, चित्रण आदि। |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु ट्रैन्च/लीच पिट आदि। | |

उक्त के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दि. 30.09.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**श्रीमती सुमन सक्सेना-ग्राम प्रधान** **एम.पी.सिंह-सचिव**

### कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांक: 1847/स्वी.अनु./धा.ख./सी.एम.आर.परि.-ई-निविदा/2024-25/बरेली दिनांक : 26.09.2024

**ई-टेण्डर नोटिस (सी.एम.आर. परिवहन)**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098/मु.वि.अ./ धा.ख.-नीति प्रस्ताव-1/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं.-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29-4-2023/4013 (99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29-4013(99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं.- 571/29-4-2023/4013 (099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र सख्या 831/29 4-2023-385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र., जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3895/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 05.09.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एंव शाहजहाँपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अनतर्गत धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध होने वाली राइस मिलों से भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो तक सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आंमत्रित की जाती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदायें जनपदवार मिलवार प्राप्त की जायेगी। वर्तमान सत्र में राइस मिलों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। सत्यापन उपरांत राइस मिलों की सूची में मिलों की संख्या घट व बढ़ सकती है। वर्तमान प्रकाशित ई-टेण्डर वर्तमान वर्ष में राइस मिलों के सत्यापन एंव पंजीयन के अधीन होगें। निविदा समिति द्वारा उन्ही राइस मिलों की ई-निविदा पर विचार किया जायेगा जिन राइस मिलों की सूची सत्यापन एंव पंजीयन उपरांत जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी ।

संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 21 जनपद बदायूँ में 03 जनपद पीलीभीत में 31 एंव जनपद शाहजहाँपुर में 14 कुल 69 राइस मिलों पर सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु जनपदवार ई-निविदा आंमत्रित की जाती है।

निविदादाता/फर्म द्वारा प्रत्येक राईस मिल के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक राइस मिल हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)= 590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ सी.एम.आर. परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा। तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(मनिकन्डन ए.)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली।**

### कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं

पत्रांक: 1044/5-3, बदायूं **Expression of Interest (EOI)** दिनांक: 25.09.2024

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक- 147/39-9 दिनांक 04.11.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन.एम.सी.जी.) भारत सरकार, नई-दिल्ली के पत्रांक- Ad-34012/1/2022-NMCG-NMCG दिनांक 19.10.2022 द्वारा बदायूं वन प्रभाग के बदायूं रेंज के अन्तर्गत देहमू वन ब्लॉक में बायोडार्यवसिटी पार्क की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है जिसमें Plant Expert, Landscape Architect, Animal Expert, Technical Staff तथा Multi-Tasking Staff को अस्थायी रूप से संविदा पर रखे जाने हेतु प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं द्वारा Expression of Interest (EOI) आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | पदनाम | संख्या | मानदेय धनराशि | शैक्षिक अर्हता/पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Landscape Architect | 01 | रू. 50,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से आर्किटेक्ट में स्नातक / स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि में लैण्डस्क्रेपिंग आर्किटेक्ट आदि में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 2- | Plant Expert | 01 | रू. 30,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से वनस्पति विज्ञान या पर्यावरण विज्ञान में स्नातक / स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 3- | Animal Expert | 01 | रू. 30,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से वेटरनरी में स्नातक/ स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि के साथ-साथ पशु विशेषज्ञ की जानकारी में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 4- | Technical Staff | 01 | रू. 20,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। कम्प्यूटर डिप्लोमा में DOEACC से CCC की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। आवेदक को कम्प्यूटर में हिन्दी / अंग्रेजी टाईपिंग का ज्ञान, इण्टरनेट का ज्ञान, फोटोशॉप का ज्ञान, ऑफिस का ज्ञान, पावरप्वाइंट का ज्ञान तथा ग्राफिक डिजाईन का ज्ञान रखने वाले वरीयता दी जायेगी। |
| 5- | Multi-Tasking Staff | 12 | रू. 10,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। सामान्य ज्ञान का स्तर अच्छा होना चाहिए। |

अत: इच्छुक आवेदक अपने अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ EOI पर दिनांक 5.10.2024 की सायं 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते है। EOI नीचे दिये गये पते पर पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से बंद लिफाफे में भेजी जायेगी एवं लिफाफे के ऊपर EOI फॉर बायोडार्यवसिटी पार्क (पदनाम सहित) लिखना अनिवार्य होगा। उक्त समस्त पद पूर्णत: अस्थाई (संविदा) है। इस पद पर किसी भी नियमावली के तहत कोई भी अधिकार पदधारक को प्राप्त नहीं होगा। अन्य कोई भी जानकारी के लिए नीचे दिये गये पते पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**पता:- कार्यालय- प्रभागीय निदेशक,**
**सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं**
**पिन कोड- 243601**
E-mail ID- dfobdn123@gmail.com

**प्रदीप कुमार वर्मा**
**प्रभागीय निदेशक**
**सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं**

### कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांक: 1846/स्वी.अनु./धा.ख./परि.-ई-निविदा/2024-25/बरेली दिनांक : 26.09.2024

**ई-टेण्डर नोटिस**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098/मु.वि.अ./धा.ख.-नीति प्रस्ताव-1/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं.-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29-4-2023/4013 (99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29-4013 (99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं.- 571/29-4-2023/4013 (099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29-4-2023 385/19 दिनांक 25.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि. दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र., जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3895/आ.वि.शा./हैण्ड परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एंव शाहजहाँपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित समस्त क्रय एजेन्सियों से सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा स्वीकृत नवीन धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध चावल मिलों तक तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों को आधार मानते हुए गेहूं क्रय केन्द्रों से निर्धारित/सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा अनुमोदित शेड्यूल दर के सापेक्ष ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है।

संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 15, जनपद बदायूँ में 15, जनपद पीलीभीत में 39 एवं जनपद शाहजहाँपुर में 81 कुल 150 धान क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती है। संलग्न सूची के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान परिवहन कार्य हेतु एंव रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूँ परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें जनपदवार, केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी । निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक केन्द्र हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.) = 590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा। तदोपांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविद को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(मनिकन्डन ए.)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली।**

**एआई का इस्तेमाल कर सॉल्वरों को चिह्नित करेगा आयोग– लखनऊ, अमृत विचार :** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से सॉल्वर गैंग को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भी अपनी परीक्षाओं की निगरानी में एआई की सहायता लेने की तैयारी कर रहा है। जल्दी ही आयोग की आयोजित परीक्षाओं की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस तकनीक की मदद ली जाएगी।


## ग्राम पंचायत गुरगावां विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**हरीश कुमार-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत अख्त्यारपुर विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**श्रीमती गोमती देवी-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत मुड़िया विशन सहाय विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 244376 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 125000 | 2% | 01 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 54000 | 2% | 03 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 35020 | 2% | 03 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 144000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 2 बजे तक रहेगा।

**भूरे लाल-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत खामपुर उर्फ गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**श्रीमती मुन्नी देवी-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत पडरां विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 378896 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | कम्पोस्ट पिट | 108000 | 2% | 06 | 15 दिन |
| 3. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 30000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 4. | सोक पिट | 144000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 5. | फिल्टर चैम्बर | 6768 | 2% | 02 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 4 बजे तक रहेगा।

**हरनरायन-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**


# रोडवेज बस से दिल्ली भेजे गए 10.50 लाख रुपये हुए गायब

## मोबाइल विक्रेता ने चालक व परिचालक पर लगाया गबन का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- चालक-परिचालक ने कहा कि पार्सल में रुपये रखे हैं व्यापारी ने नहीं बताया था

**अमृत विचार:** मोबाइल कारोबारी द्वारा रोडवेज बस से दिल्ली के व्यापारी को भेजे 10.50 लाख रुपये गायब हो गए। उसने पार्सल में रुपये रखकर दिए थे। कई दिन बाद भी दिल्ली के व्यापारी तक रुपये न पहुंचने पर कारोबारी ने चालक-परिचालक पर रुपये हड़पने का आरोप लगाकर सुनगढ़ी थाने में तहरीर दी है। चालक-परिचालक का कहना है कि पार्सल में रुपये हैं व्यापारी ने यह नहीं बताया था। बहरहाल पुलिस जांच कर रही है।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी मोबाइल विक्रेता मुल्तकिम ने बताया कि उनका माल दिल्ली से आता है। 20 दिन पहले उन्होंने दिल्ली जाने वाली एक बस में पार्सल रखवाया था। पार्सल में 10.50 लाख रुपये रखे थे। पार्सल बस के परिचालक व चालक को दिया था। पार्सल में रुपयों की जानकारी दे दी थी। वह पहले भी इस तरह से रकम दिल्ली भेज चुके हैं। रुपये नहीं पहुंचे तो दिल्ली के व्यापारी ने उन्हें फोन किया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने चालक व परिचालक से पूछताछ की। उनके पक्ष में रोडवेज यूनियन के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे थे।

### सवाल : रोडवेज बस से क्यों भेजे गए रुपये

व्यापारिक लेनदेन खातों, ऑनलाइन और आरटीजीएस के जरिए होता है। ऐसे में मोबाइल व्यापारी द्वारा रोडवेज बस से साढ़े दस लाख रुपये भेजने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस भी बस से रुपये भेजने को लेकर आशंकित है। दिल्ली में जिस व्यापारी को रुपये जाने थे वह मोबाइल का थोक विक्रेता है।

# बदायूं-बरेली मलेरिया से और लखनऊ डेंगू से हुआ परेशान

**लखनऊ, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग व नगर विकास विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी राज्य में संक्रामक रोग थम नहीं रहा है। प्रदेश में अब तक मलेरिया रोगियों की संख्या 11 हजार 21 पहुंच चुकी है, जो कि गत वर्ष 6981 मरीजों की अपेक्षा लगभग डेढ़ गुना है। डेंगू भी अपना प्रभाव बनाए हुए है। प्रदेश में मलेरिया और डेंगू के रोगियों की लगातार बढ़ती संख्या थम नहीं रही है। शुक्रवार को सबसे ज्यादा बदायूं में 60 मलेरिया रोगी मिले हैं, सीतापुर में 36, बरेली में 31, हरदोई में 21 और लखीमपुर खीरी में सात मरीजों की पुष्टि हुई है, इसी प्रकार अधिकांश जिलों में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं, राजधानी में डेंगू के 43 रोगियों की पुष्टि के साथ कुल मरीजों की संख्या 485 पहुंच गई है।

# नगर पालिका के जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप, डीएम ने किया तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत में सात साल से नगरपालिका में तैनात है जेई
- फर्म बनाकर ठेकेदारी करने का आरोप, एसडीएम करेंगे जांच

**अमृत विचार :** शहर नगर पालिका में अवर अभियंता निर्माण पर फर्म बनाकर ठेकेदारी करने और एक जिले में सात साल से तैनात रहने का आरोप लगा है। इसकी शासन में शिकायत की गई थी। डीएम ने जेई को तलब किया है। डीएम ने जेई की जांच एसडीएम सदर को सौंप दी है। जेई इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है।

बरेली के रहने वाले अबोध कुमार सिंह ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि पीलीभीत नगरपालिका में जेई इंद्रजीत सिंह सात साल से कार्यरत है। वह पीलीभीत के अलावा बीसलपुर और नगर पंचायत नौगवां पकड़िया का भी चार्ज संभाल रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जेई ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम से एक फर्म बना रखी है। वह बरेली में पीडब्ल्यूडी समेत कई अन्य विभागों में ठेकेदारी कर रहे हैं। प्रतिदिन बरेली से आवाजाही करते हैं। नगर पालिका पीलीभीत में भी अपना काकस फैला रखा है। शिकायतकर्ता ने समय पूरा होने के चलते जेई का तबादला अन्य किसी जिले में करने की मांग उठाई है। यह शिकायत जब डीएम कार्यालय पहुंची, तो डीएम संजय कुमार ने जेई को तलब करते हुए मामले की जानकारी की। डीएम ने जांच एसडीएम महिपाल सिंह को सौंप दी है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी के हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** गूंगी पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को दोषी मानते हुए सत्र न्यायाधीश, जिला जज पंकज अग्रवाल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी रामकली जन्म से ही गूंगी थी। वह इशारों में ही अपनी बात समझा पाती थी। उसका पति भगवान दास मौर्य शराब पीने का आदी था। सुबह से लेकर शाम तक शराब के नशे में धुत रहता था। रामकली उससे इशारों में शराब पीने से मना करती थी। पति रोज शराब पीकर आता था और अपनी पत्नी के अलावा आसपास के लोगों को भी परेशान करता रहता था। साल 2022 में उसने फावड़ा से वार करके रामकली की हत्या कर दी थी।

### सांसद रुचि वीरा को मिली जमानत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आचार संहिता उल्लघंन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सांसद रुचि वीरा समेत पांच लोगों को जमानत दी है। 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता के उल्लघंन पर पांचों के खिलाफ नागफनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को सांसद रुचि वीरा समेत पांचों एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे। जहां से कोर्ट ने पांचों को जमानत दे दी। लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए फ्लाइंग सर्विलांस टीम (एफएसटी) और स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया गया था।

### बस-लोडर भिड़ंत में 3 लोगों की मौत

**कानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के भवानीपुर गांव के सामने हाईवे पर शुक्रवार शाम एक निजी बस और लोडर में आमने-सामने की भिड़ंत में लोडर चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे क्षेत्र के भवानीपुर गांव के सामने कृष्णा ग्रीन्स के निकट तेज बारिश के दौरान एक निजी बस और लोडर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में स्टेयरिंग के बीच फंसने से बिल्हौर के हसौली काजीगंज निवासी लोडर चालक रणधीर सिंह कटियार (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौबेपुर के शांतिनगर निवासी बस चालक दीवान सिंह (50) और फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के मेदा श्यामपुर निवासी अनूप कुमार (25) की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### भेड़िया के हमले में बालक समेत दो घायल

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के हरदी थाना क्षेत्र के गांवों में एक बार फिर भेड़िया ने हमला कर बालक समेत दो लोगों को जख्मी कर दिया। दोनों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिले में लगभग दो सप्ताह से भेड़ियों का हमला रुका हुआ था। इससे गांव के लोगों के साथ वन अधिकारी राहत की सांस ले रहे थे। लेकिन गुरुवार रात को अचानक पुन: भेड़िया ने हमला कर दिया।

# वैमनस्यता फैला रहे हैं अखिलेश: भूपेन्द्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सुर्खियां बटोरने के चक्कर में भ्रम फैलाकर जातियों के बीच वैमनस्यता और नफरत फैला रहे हैं। दरअसल, भाजपा प्रवक्ता का दावा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चार साल पहले अखबार में छपी एक खबर को अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए यूपी लोकसेवा आयोग की आरक्षण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है। इसपर पलटवार करते हुए शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव को कुछ भी पोस्ट करने से पहले थोड़ा रिसर्च कर लेना चाहिए।

# गाजियाबाद में धर्मांतरण के आरोप में चार गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी

- आरोपियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दी थी

मोदीनगर इलाके में पुलिस ने धर्मांतरण में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान आशु (19), पोलस मसीह (43), पास्टर रासी (52) और छुटू कुमार शाह के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आशु ने बताया कि पिता की मौत के बाद वह गौतमबुद्ध नगर जिले के सलारपुर गांव में रहने लगा, जहां उसने ईसाई धर्म अपना लिया। आशु ने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अपने चाचा अजीत और चाची संगीता पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाता था, लेकिन वे विरोध करते थे। इस संबंध में 22 सितंबर को मोदीनगर थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने (अजीत और संगीता) आरोप लगाया था कि उनके भतीजे ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें ईसाई धर्म न अपनाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) तिवारी ने बताया कि पुलिस ने मसीह के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया।

# पीड़ित एससी, एसटी परिवारों को 1400 करोड़ जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की पीड़िताओं को साढ़े सात वर्ष में 1447 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी है। यह सहायता अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और नागरिक अधिकार संरक्षण (पीसीआर) अधिनियम के तहत सौंपी जाती है। अपराध की गंभीरता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पीड़ितों और उनके परिवारों को जरूरत पर सरकार की तरफ से मदद मिले। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार यह सहायता 85,000 रुपये से 8.25 लाख रुपये तक होती है।

# वीडियो वायरल की धमकी, अधिकारी से मांगे 5 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोस्ती कर वीडियो कॉल कर की अश्लील रिकार्डिंग
- एसीपी के निर्देश पर हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक (आईएएस) को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बदले में 5 करोड़ रुपये की मांग की। रुपये न मिलने पर परिचितों और रिश्तेदारों को वीडियो भेजने की भी धमकी दी।

पीड़ित आईएएस अधिकारी राम सिंह वर्मा ने एसीपी हजरतगंज से शिकायत की। एसीपी के निर्देश पर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

हजरतगंज स्थित शासकीय कालोनी में रहने वाले आईएएस अधिकारी राम सिंह वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब दस बजे 8390805...से एक वीडियो कॉल आई। उस कॉल के बाद से उन्हें अनजान नंबर से फोन और मैसेज आने लगे।

फोन करने वाले ने धमकाया कि 5 करोड़ रुपये दो वरना जो वीडियो बनाया है, उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर देंगे। राम सिंह वर्मा ने बताया कि बुधवार से शुक्रवार तक उनके पास कई बार नंबर बदल-बदलकर कॉल आई। इसके बाद कॉलर ने रंगदारी की रकम डेढ़ करोड़ रुपये कर दी। पीड़ित ने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर परिवार व ऑफिस में वीडियो भेजने की धमकी दी।

मैसेज में लिखा कि रुपये नहीं दिए तो बीच सड़क पर ठोक दूंगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर राम सिंह ने शुक्रवार को एसीपी हजरतगंज से मुलाकात कर शिकायत की। मामला गंभीर देख हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## उत्तराखंड

# मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, छर्रे लगने से कई घायल

ब्यूरो, हरिद्वार

- बदमाशों ने दवा फैक्ट्री में फायरिंग कर मचाई थी दहशत

**अमृत विचार :** गुरुवार रात सिडकुल क्षेत्र स्थित दवा फैक्ट्री में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं दवा फैक्ट्री में फायरिंग में कई लोग छर्रे लगने से घायल हुए। उनका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया है।

शिवालिक नगर क्षेत्र में गुरुवार की रात राहुल, धनुष, मोहित, विकास अंबरीश आदि कुलदीप बिश्नोई व आयुष तोमर के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। उसी दौरान इनके बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने लगा तो राहुल व उसके साथी वहां से चले गए लेकिन आयुष व कुलदीप के ग्रुप ने पीछा कर प्रमुख दवा फैक्ट्री के गेट के पास उन पर फायर कर दिया। छर्रे लगने से घायल हुए तो वे लोग खुद को बचाने के लिए फैक्ट्री के गेट के अंदर चले गए। आयुष व कुलदीप आदि ने गेट के घुसकर भी फायरिंग जारी रखी, जिससे बीच बचाव कर रहे कई फैक्ट्री कर्मियों को भी छर्रे लग गए। इसके बाद हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने तत्काल हमलावरों को तलाशने के निर्देश दिए। जिले भर में नाकेबंदी कर पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

# सशक्त भू-कानून लाएगी सरकार

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अगले बजट सत्र में हम राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सशक्त भू-कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भू कानून एवं मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील है और हम चाहते हैं कि सबकी भावनाओं के अनुरूप भू-कानून बने, सरकार इसके लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में नगर निकाय क्षेत्र से बाहर ढाई सौ वर्ग मीटर भूमि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति खरीद सकता है, परंतु ऐसा संज्ञान में आया है कि एक ही परिवार में अलग-अलग नामों से भूमि क्रय करके उक्त प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है।

# दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ युवती को देखने पर हुआ हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

- दुकान में की तोड़फोड़, बाइक में लगाई आग, मकान किया सील

**अमृत विचार:** मुखानी क्षेत्र के छड़ायल इलाके में मॉड्यूलर किचन की दुकान चलाने वाले दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ दुकान में काम करने वाली युवती को लोगों ने देख लिया। इससे भड़के हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दुकानदार पर कार्रवाई की मांग करते हुए उसकी दुकान में तोड़फोड़ की और बाइक को आग लगा दी। हालांकि पुलिस को मामले में तहरीर नहीं मिली है लेकिन प्रशासन ने ऐहतियातन संबंधित व्यक्ति के मकान-दुकान को सील कर दिया है।

छड़ायल क्षेत्र में गैस गोदाम रोड के पास समुदाय विशेष के व्यक्ति का घर है उसमें ही उसकी हिंदुस्तान मॉड्यूलर किचन के नाम से दुकान है। उसकी दुकान में दो युवतियां काम करती हैं। गुरुवार रात दुकान स्वामी दुकान में काम करने वाली एक युवती के दमुवाढूंगा स्थित घर पहुंचा था। जहां लोगों ने उसे देखकर हंगामा कर दिया। इस मामले को लेकर लोगों ने शुक्रवार को उसकी दुकान के पास पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। जिसमें भाजपा, हिंदूवादी संगठन के लोग भी लोग थे। प्रदर्शनकारियों ने दुकान में तोड़फोड़ की और घर के अंदर खड़ी तीन मोटर साइकिलों में आग लगा दी। जिसमें एक बाइक पूरी तरह से जल गई। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को अलग हटाया।

हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों ने मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उधर, दुकान स्वामी घर व दुकान को बंद कर रात में ही वहां से निकल गया था। इस बीच पहुंची प्राधिकरण की टीम ने मकान-दुकान का निरीक्षण किया तो मकान में दुकानें, बेसमेंट और मार्गाधिकार का उल्लंघन जैसी कमियां मिलीं। साथ ही मकान का नक्शा भी नहीं मिला। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि खामियों के चलते मकान को सील कर दिया गया है। इधर, एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि युवती की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# फर्जी रजिस्ट्री से बैंक को लगाया 4 करोड़ का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर



- ब्याज सहित बैंक का बना 5 करोड़ 39 लाख से अधिक बकाया

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक में फर्जी रजिस्ट्री को बंधक बनाकर करोड़ों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दंपति ने जिन संपत्ति को दिखाकर लोन लिया था। उन संपत्तियों में उनका नाम ही दर्ज नहीं है। पुलिस ने सहायक महाप्रबंधक की दायर याचिका पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा के सहायक महाप्रबंधक संजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2016 को रामजी बिहार कॉलोनी देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी दंपति विशाल सिंह व स्वीटी सिंह बैंक शाखा में आए। इस दौरान उन्होंने पंतनगर में मैसर्स ऑल नाम की फर्म का पार्टनर बताते हुए कारोबारी के लिए एक हॉल खरीद के लिए लोन का आवेदन किया। जिसमें दंपति ने अपनी संपत्ति को भी दर्शाया। आवेदन व दस्तावेजों के आधार पर दंपति ने चार करोड़ रुपये का लोन भी प्राप्त कर लिया और उसके बाद बैंक किश्त नहीं दी। 31 जुलाई 2024 तक लोन धारक व आरोपी दंपति पर 5 करोड़ 39 लाख 17 हजार 846 रुपये की देनदारी हो गई। 29 जुलाई को जब अधिवक्ता के माध्यम से दस्तावेजों की पड़ताल की तो पाया कि ग्राम कोठा में खेत संख्या 231 में दंपत्ति का नाम दर्ज नहीं है और बैंक में बंधक रजिस्ट्री भी फर्जी है। जिसमें दंपत्ति का नाम निष्पादित है। कई बार कोतवाली पुलिस व एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर सहायक महाप्रबंधक संजय बिष्ट ने कोर्ट में याचिका दायर की।

# हिंदी में भी मिलेगा बिजली का बिल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बिजली का बिल अंग्रेजी भाषा में होने को लेकर अक्सर शिकायतों का सामना करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। ऊर्जा निगम ने अंग्रेजी के बाद अब हिंदी में भी बिजली बिल देने का फैसला लिया है। इसके लिए शहर में बिल वितरण का कार्य करने वाली एजेंसी टीडीएस को भी निर्देशित किया जा चुका है। यदि उपभोक्ता बिजली का बिल हिंदी में मांगता है तो उसे बिल हिंदी में प्रिंट करके दिया जाएगा। वर्षों से अंग्रेजी में आ रहे बिजली के बिल को अब हिंदी भाषी उपभोक्ता भी आसानी से समझ सकेगा।

# पत्नी की हत्या करने के बाद खुद का भी गला काट डाला

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कपकोट थाना अंतर्गत गैरखेत गांव में मजदूरी कर रहे एक नेपाली मजदूर ने बीती मध्य रात्रि अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीन मासूम बच्चों के सामने टाइल कटर से अपना गला काट लिया।

गैरखेत में कुछ नेपाली मजदूर अपने परिवार के साथ रहते हैं। जिनमें से नेपाल के मोहू जिले का मूल निवासी 35 वर्षीय सगुने कामी पत्नी शारदा कामी (32) तथा अपने तीन बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता है। गुरुवार रात सगुने कामी ने अन्य दिनों की तरह नशा किया तथा फिर अपने परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। बच्चों ने बताया कि खाने के दौरान किसी प्रकार का झगड़ा नहीं हुआ था। खाना खाकर सभी लोग सो गए। आधी रात में मजदूर सगुने ने अचानक गहरी नींद में सो रही अपनी पत्नी शारदा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद वह बाहर आया तथा हंगामा मचाते हुए वहां खड़े वाहनों के शीशे तोड़ दिए। इसी दौरान वहशी बना मजदूर घर के अंदर गया और टाइल कटर मशीन से अपना गला काट दिया।

# 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

## वर्ष 2027 तक देशभर में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का है लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**:सौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री खुद इस योजना की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाये गये हैं।



- पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ प्रथम
- वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज क्रमश: टॉप फाइव में

### 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

उप्र. में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

# पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

**लखनऊ, अमृत विचार** : गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनमें बड़े आवासों के साथ साथ फ्लैट भी बनाने का जिक्र है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22.98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12.82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

- रामपुर के लिए 12.82 करोड़ की संस्तुति

# न्यूनतम पेंशन नहीं बढ़ी तो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार**: पेंशन बढ़ोतरी न करने और वृद्ध पेंशनरों के हितों की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने भविष्य कर्मचारी निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय पर धरना दिया।महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा गीता वर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम का ईपीएफओ कमिश्नर नवीन कनौजिया को ज्ञापन दिया गया। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

धरना सभा में पेंशनरों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें तरह-तरह की मुफ्त की घोषणाएं कर रही हैं, लेकिन जिन कर्मियों ने 30-35 वर्ष तक सेवा काल में पेंशन अंशदान दिया उनको 300 से 3 हजार पेंशन देकर अन्याय किया जा रहा है। पेंशनरों ने कहा कि उनकी न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग पूर्ण की जाए। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली पेंशनरों की महारैली हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की दिशा तय करेगी। धरना सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, आरएन द्विवेदी आदि ने संबोधित किया।



गोमतीनगर में कर्मचारी निधि संगठन कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना देते ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

- पेंशनर्स ने ईपीएफओ कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार**: राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

- 16 सदस्यों में बरेली के संजय सिंह व उमेश कठेरिया शामिल

### आयोग में नियुक्त सदस्य

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

# पिछले आठ वर्षों में नहीं निकली लोवर सबआर्डिनेट की भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**: सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोवर सबआर्डिनेट) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) के बाद दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाती है। इसके अंतर्गत करीब दो दर्जन विभागों में निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का चयन होता है। लेकिन पिछले आठ वर्षों से यह परीक्षा और संबंधित पद कहीं खो गए हैं। पहले यह परीक्षा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होता था लेकिन वर्ष 2018 में इसे अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंप दिया गया। जिसके बाद एक बार भी न तो कोई वैकेंसी आई ना ही परीक्षा आयोजित किया गया। प्रतियोगी छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मांग किया है कि इसे फिर से लोक सेवा आयोग को दिया जाए।

**इस भर्ती परीक्षा के पदों का विवरण** : अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत(स्थानीय निकाय), कर अधिकारी (पंचायतीराज), विपणन एवं पूर्ति निरीक्षक (खाद एवं रसद), खांडसारी निरीक्षक (गन्ना आयुक्त), सहायक चकबंदी अधिकारी (चकबंदी विभाग),सहकारी निरीक्षक वर्ग 2/सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) (सहकारी समितियां), सहायक विकास अधिकारी 2 (खादी ग्रामोद्योग बोर्ड),अपर जिला सूचना अधिकारी हिंदी (निदेशालय सूचना एवं जनसंपर्क), जिला मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी (मधनिषेध विभाग), नीलाम आयोजक एवं विपणन निरीक्षक (पशुपालन), सहायक कोषागार लेखाकार (कोषागार विभाग), मंडी निरीक्षक एवं मंडी पर्यवेक्षक ग्रेड 2 (मंडी परिषद), मनोरंजन कर निरीक्षक (राज्य कर विभाग),संकलन अधिकारी ( प्रमुख सम्पादक जिला गजेटियर विभाग ), राजस्व निरीक्षक ((स्थानीय निकाय), निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान (उपभोक्ता संरक्षण, बांट एवं माप) आदि करीब 17 प्रकार के विभाग के पद आते हैं।

- कुल 17 विभागों की नौकरियां आती है लोवर सबआर्डिनेट के अंतर्गत
- अब परीक्षा का दायित्व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंपा

# इरफान सोलंकी मामले में 3 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**: इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अब 3 अक्टूबर की तिथि सुनिश्चित की है। अगली तिथि पर अपील के साथ अन्य मामलों की एक साथ सुनवाई होगी। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की महिला का घर जलाए जाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी।

# नियमों की अनदेखी करने पर अमरोहा के डीएम का तबादला

विधि संवाददाता,प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में उचित स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने के मामले में अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को जिले से स्थानांतरित कर दिया गया है और उन्हें सचिवालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कोई फील्ड पोस्टिंग भी नहीं दी गई है।दरअसल संबंधित जिलाधिकारी ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए बिना तथा इसकी मंजूरी के लिए कोई औचित्य दर्ज किए बिना कई मामलों में आरोपियों के खिलाफ गिरोह चार्ट को मंजूरी दे दी थी, जो उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और सामाजिक गतिविधि (रोकथाम) नियम, 2021 के साथ-साथ हाईकोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के विपरीत हैं।

विवादित प्राथमिकी के गिरोह चार्ट को तैयार और अनुमोदित करते समय पुलिस अधीक्षक,अमरोहा और जिलाधिकारी, अमरोहा ने आवश्यक संतुष्टि दर्ज नहीं की जबकि गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरोह चार्ट को अनुमोदित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा संतुष्टि दर्ज करना आवश्यक है। कोर्ट ने कहा कि अमरोहा से ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें अधिकारियों ने नियम 2021 की अनदेखी की है। कोर्ट के आदेश के अनुसरण में जिलाधिकारी ने एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वह लोस चुनाव में व्यस्त होने के कारण गैंग चार्ट को मंजूरी देते समय संतुष्टि दर्ज नहीं कर सके और पूर्व टाइप अनुमोदन पर हस्ताक्षर कर दिया।

- स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने का मामला

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

**लखनऊ, अमृत विचार**: प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं।

यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ए के सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका,जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है। अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। लेकिन अधिकारी इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

# 3 अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति

**लखनऊ, अमृत विचार**: मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान है। मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा आगामी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 पर किया जायेगा।

# हज : ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार**। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे 30 सितम्बर कर दिया गया है।

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। जिनका भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 30 सितम्बर 2024 को या उससे पूर्व जारी हुआ हो व वैधता 15 जनवरी 2026 तक हो, ऐसे लोग हज के लिए आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा।

- 30 सितम्बर तक किया जा सकेगा हज के लिए आवेदन

# स्कूल की समृद्धि के लिए दी छात्र की बलि

हाथरस, एजेंसी

स्कूल के मालिकों ने अपने संस्थान को और अधिक 'समृद्ध' बनाने के लिए दूसरी कक्षा के एक छात्र की बलि दे दी। पुलिस ने स्कूल के मालिक और निदेशक के अलावा प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों को भी हत्या में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दूसरी कक्षा के छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

डीएल पब्लिक स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने विद्यालय के निदेशक और अपने बेटे दिनेश बघेल से संस्थान और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा। ऐसा माना जाता है कि जसोधन सिंह तंत्र-विद्या से जुड़ी चीजों में भरोसा करता है। प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह और दो शिक्षकों रामप्रकाश सोलंकी और वीरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पांच लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

हाथरस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की पहचान कृतार्थ के रूप में हुई है और वह डीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। उन्होंने बताया कि शिक्षक रामप्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल और स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने 23 सितंबर को स्कूल के छात्रावास से कृतार्थ का अपहरण कर लिया था। जसोधन सिंह तंत्र साधना में भरोसा करता है और उसने अपने बेटे से स्कूल और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा था। अधिकारी ने बताया कि वे छात्र को बलि देने के लिए एक सुनसान स्थान पर ले गए, लेकिन छात्र जाग गया और रोने लगा। इसके बाद उन्होंने छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। एक अन्य शिक्षक वीरपाल सिंह और स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह भी वहां मौजूद थे।

- हाथरस जिले के निजी स्कूल का मामला, प्रबंधक समेत 5 गिरफ्तार

### राष्ट्रीय बाल आयोग की टीम करेगी जांच

मामले का संज्ञान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी लिया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि यह जघन्य अपराध लापरवाही का नतीजा है और माफी के काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से राष्ट्रीय बाल आयोग की एक टीम जाएगी, जो राज्य बाल आयोग अध्यक्ष के नेतृत्व में इस घटना की जांच करेगी और हमें इसकी एक रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कहा कि शुरुआती तौर पर यह दिख रहा है कि नियमों की अवहेलना हुई है।

# मोहिंदर सिंह 5 अक्टूबर को तलब

**लखनऊ, अमृत विचार** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी। बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है।

## वर्ग पहेली-205

बाएं से दाएं

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

ऊपर से नीचे

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 | 2 | | ■ |
| ■ | 3 | ■ | | ■ | 4 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| 7 | ■ | 8 | | 9 | |
| 10 | | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 11 | | |

## वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धौं | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 थे |
| धा | ■ | 4 अ | नु | रा | ग |
| ■ | 5 नि | ■ | भ | ■ | ली |
| ■ | 6 शि | ला | व | त | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ही | ■ | 7 म |
| ■ | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ही |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

## सुडोकू - 117 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14 .49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03 .38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष**: आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष**: आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन**: आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क**: आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह**: आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या**: आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला**: आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक**: आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु**: आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर**: आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ**: आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन**: आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पुलिस और मुजरिम
सुबह : 09 .20
सिंह इज ब्लिंग
रात : 07 .00

&pictures
इंडियन
सुबह : 10 .39
द ताशकंद फाइल्स
रात : 08 .00

SONY PIX
सैन एंड्रियास
दोपहर : 12 .00
जर्नी 2
रात : 07 .45

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान
सुबह : 10 .26
फुकरे 3
शाम : 04 .54

colors CINEPLEX
रावण राज
सुबह : 10 .48
सूर्या द सोल्जर
रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04 .54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)- चीन में।
टीचर- वह कैसे?
स्टूडेंट- मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी- सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस- खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है,मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी- ठीक है सर,मैं आ रहा हूं।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**इयूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- **शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

| बांग्लादेश (पहली पारी) | 107/3 35 ओवर | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतों को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी



### कानपुर टेस्ट के दौरान बेसुध हुआ बांग्लादेशी प्रशंसक

**कानपुर।** कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को खेल के दौरान ग्रीनपार्क स्टेडियम परिसर में उस समय अफरातफरी मच गई जब बांग्लादेश टीम का एक प्रशंसक बेहोश होकर सड़क पर गिर गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि टाइगर नामक एक बांग्लादेशी नागरिक आज स्टेडियम परिसर में गेट नंबर सात के पास बेसुध होकर गिर गया जिसे तुरंत उठाकर मीडिया गैलरी में लाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। क्रिकेट प्रशंसक के बेहोश होने की वजह उमस भरी गर्मी बताई जा रही है। उसकी हालत अब ठीक है मगर एहतियात के तौर पर उसके साथ सहायता के लिए एक कर्मी की नियुक्ति की गई है। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट मे कहा गया था कि सड़क पर टाइगर के वेश में एक युवक के साथ स्थानीय खेल प्रशंसको ने मारपीट की है। पांडे ने बांग्लादेशी प्रशंसक के साथ मारपीट की घटना को महज अफवाह करार देते हुए कहा कि वह अब बिल्कुल दुरुस्त है।

### विहिप ने किया टेस्ट सीरीज का विरोध

**कानपुर।** बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां शुरु हुए भारत बांग्लादेश मैच के दौरान ग्रीनपार्क स्टेडियम के निकट विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखला का विरोध कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हुई। पुलिस ने लाठियां चलाई तो कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का नारा लगाया और सड़क पर बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे।

## मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी



वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

## श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

- **कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक**



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।

## ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की



- **वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ**

जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

## चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।



## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

## अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल**

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्या, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरें अक्सर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# हिजबुल्ला के मुख्यालय पर दागी मिसाइलें

## दो की मौत, 50 घायल, एक के बाद एक विस्फोट से बड़ी संख्या में इमारतें हुईं ध्वस्त

**बेरूत, एजेंसी**

इजराइली सेना ने शुक्रवार को बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर एक के बाद एक कई मिसाइलें दागीं। इससे वहां काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं, हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। आसमान में नारंगी तथा काले रंग के धुएं का गुबार छा गया।

लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों में ये हमले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद हुए। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में संकल्प लिया कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। उनकी टिप्पणियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थित युद्ध विराम की उम्मीदों को और कम कर दिया। इजराइल के तीन प्रमुख टीवी चैनलों के अनुसार हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाने के लिए ये हमले किए गए। हालांकि सेना ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि इसने आवासीय इमारतों के नीचे स्थित हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया।



### नेतन्याहू ने स्वदेश लौटने का लिया निर्णय

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने लेबनान की घटनाओं के मद्देनजर अमेरिका से स्वदेश लौटने का निर्णय लिया। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने इजरायल के लिए उड़ान ली है। इससे पहले दिन में आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल ने कहा कि बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्य मुख्यालय पर एक सटीक हवाई हमला किया, जो पड़ोस के दहियाह के केंद्र में आवासीय भवनों के नीचे स्थित है। सेना ने हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन यह प्रयास विफल रहा।

### सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है।

### हजारों लोगों ने सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला नहीं रहीं

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन की चपेट में आने से 15 की मौत

**इंडोनेशिया।** सुमात्रा द्वीप में अनधिकृत रूप से सोने का खनन कर रहे लोगों के मूसलाधार बारिश के चलते हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। दर्जनों की संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं।


# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस और महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का मुद्दा उठाया। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे विस्तारित करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। जयशंकर ले मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलट्टी के साथ भी गर्मजोशी भरी पहली बैठक की और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर चर्चा की।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### ब्रिटेन ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन किया है। स्टॉर्मर से पहले अमेरिका और फ्रांस के नेताओं ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया था। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन के दौरान, स्टॉर्मर ने वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली को अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए सुनिश्चित सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी को स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही निर्वाचित सदस्यों के लिए और अधिक सीटें बढ़ानी चाहिए।

### पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा, कहा- भारत कर रहा सैन्य विस्तार

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना संबोधन में एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत पर बड़े पैमाने पर सैन्य क्षमता का विस्तार करने व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर कब्जा करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने मांग की कि भारत को 2019 में जम्मू- कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को वापस लेना चाहिए। उन्होंने भारत पर अपनी मुस्लिम आबादी को अधीन करने और इस्लामी विरासत को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। पाकिस्तान नियमित रूप से संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाता रहा है। उम्मीद है कि भारत शरीफ के आरोपों के विरोध के लिए अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है। शरीफ ने कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की तरह, जम्मू-कश्मीर के लोगों का भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए लंबे समय से संघर्ष जारी है। शरीफ ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत को अगस्त 2019 के एकतरफा और अवैध कदमों को वापस लेना होगा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा प्रस्तावों तथा कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुरूप जम्मू कश्मीर के मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं था: मुइज्जू

**माले, एजेंसी**

- मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।



### तनावपूर्ण हो गए थे संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले।

### कहा- नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।

### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने व पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी।

# अमेरिका के चार राज्यों में हेलेन तूफान से 30 की मौत

**क्रॉफोर्डविले (अमेरिका), एजेंसी**

- तूफान की रफ्तार 225 किमी प्रति घंटा रही, शहरों में भारी तबाही

अमेरिका के चार राज्यों में हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या कम से कम 30 तक पहुंच गई है। ये मौत फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलिना और दक्षिण कैरोलिना में हुईं। फ्लोरिडा और पूरे दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में शुक्रवार को हेलेन तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान ने गुरुवार की देर रात जब फ्लोरिडा के बिग बेंड ग्रामीण क्षेत्र में दस्तक दी तब इसकी अधिकतम गति 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

वहीं फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के तट पर दस्तक देने से भारी तूफानी लहरें उठी और लाखों उपभोक्ताओं के घरों में बिजली गुल हो गई। बाढ़ग्रस्त घरों में फंसे लोगों को बचाने के लिए शुक्रवार को आपातकालीन दल यहां पहुंचा। तूफान ने गुरुवार की देर रात बिग बेंड ग्रामीण क्षेत्र में 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से निरंतर हवाओं के साथ मछुआरों के गांव और छुट्टी मनाने के ठिकाने में दस्तक दी और उत्तरी कैरोलिना तक बाढ़ आ गई। इस बीच जॉर्जिया के एक प्रांत में लगभग पूरी तरह से बिजली गुल रही।



## कनिष्क विस्फोट की जांच की मांग वाली याचिका की निंदा

**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मूल के एक प्रमुख सांसद ने 1985 में एअर इंडिया उड़ान 182 में हुए बम विस्फोट की नए सिरे से जांच की मांग वाली याचिका की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि यह खालिस्तानी चरमपंथियों के षड्यंत्र सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाला है। याचिका में जांच की मांग इसलिये की गयी है ताकि किसी विदेशी खुफिया एजेंसी की संलिप्तता का पता लगाया जा सके। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एअर इंडिया कनिष्क उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। विमान में सवार अधिकतर लोग भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख चरमपंथी उग्रवादियों पर लगाया गया था।

# किशोर उम्र का प्रेम और अपराध कानूनी तौर पर ग्रे एरिया : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- किशोरी भागने के बाद अभिभावकों के दबाव में बदल देती हैं बयान

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किशोर वय का प्रेम और इस तरह के अपराध कानूनी तौर पर अस्पष्ट क्षेत्र (लीगल ग्रे एरिया) के तहत आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां 17 साल से अधिक उम्र की लड़कियां अपनी पसंद के पुरुषों के साथ भाग जाती हैं और जब वे पकड़ी जाती हैं, तो लड़की के माता-पिता उन्हें पुलिस के सामने बयान बदलने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि पुलिस ऐसे बयान भी बाद के चरण में दर्ज करती है, जो पहले के बयानों के बिल्कुल विपरीत होते हैं।





दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए अधिकांश बयान भी धारा 161 के तहत पीड़िता द्वारा दिए गए पहले के बयानों के अनुरूप नहीं होते हैं, जो विरोधाभासी है।' अदालत ने कहा कि किशोर वय के प्रेम और ऐसे अपराध कानूनी रूप से अस्पष्ट क्षेत्र में आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे वास्तव में अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह अदालत फिलहाल इस समय कोई टिप्पणी नहीं कर रही है कि अपराध याचिकाकर्ता (आरोपी) द्वारा किया गया है या नहीं।'हाईकोर्ट ने 17 साल की लड़की के अपहरण के आरोपी 22 वर्षीय व्यक्ति को जमानत दे दी। याचिकाकर्ता 19 अप्रैल, 2022 से हिरासत में है और आरोपपत्र दायर किया गया है।

नाबालिग लड़की के पिता ने जनवरी 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनकी बेटी को गुमराह किया और उसे अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद मार्च 2022 में लड़की को बचाया गया।

## खगोल विज्ञान


### ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

# जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।

यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।



### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।